27 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 277





## रांची में युवती पर एसिड अटैक की शिकायत, मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

### तत्काल कार्रवाई हो : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र में एक युवती पर कथित एसिड अटैक की घटना सामने आने के बाद राज्य में सनसनी फैल गयी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि रांची पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर सूचित करें। साथ ही बेटी को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाते हुए भी सूचित करें। उन्होंने रांची उपायुक्त और मंत्री इरफान को भी निर्देश दिये।

**एसिड अटैक की पुष्टि नहीं :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए इरफान अंसारी ने जानकारी दी है कि पीड़िता को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है और वह अब सुरक्षित है। पुलिस ने कहा कि डॉक्टरों से बातचीत के अनुसार प्रारंभिक जांच में एसिड अटैक की पुष्टि नहीं हुई है। जिला प्रशासन से बातचीत हुई है। मैंने प्रशासन को निर्देश दिया है कि मामले की पूरी छानबीन कर दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये।


**प्रशासन एक्टिव**

फिलहाल पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है। सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन से भी लगातार संपर्क में रहते हुए पीड़िता को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## 2.5 करोड़ आइआरसीटीसी यूजर आइडी डीएक्टिवेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 2.5 करोड़ से ज्यादा आइआरसीटीसी यूजर आइडी को डीएक्टिवेट यानी बंद कर दिया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ियों को रोकने के लिए रेलवे ने यह कदम उठाया है। यह कार्रवाई एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स के जरिये संदिग्ध बुकिंग पैटर्न और यूजर बिहेवियर की पहचान के बाद की गयी है। संसद में सांसद एडी सिंह के उठाये गये सवाल के जवाब में सरकार ने इसकी पुष्टि की है।









## घाघरा में पुलिस और उग्रवादियों में मुठभेड़

# जेजेएमपी के तीन उग्रवादी ढेर

- दो उग्रवादी भागने में कामयाब, सर्च अभियान जारी
- भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के लावादाग गांव में शनिवार को पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों की बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस ने तीन उग्रवादियों को मार गिराया। इनमें एक की पहचान बेलागड़ा ग्राम निवासी दिलीप लोहरा के रूप में हुई है, जबकि दो की पहचान की जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस द्वारा सर्च अभियान जारी है। इस मौके पर एसपी हरीश बिनजमा, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर विनय कुमार, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सहित झारखंड जगुआर और झारखंड पुलिस के जवान मौजूद हैं।

**एके-47 समेत अन्य हथियार मिले:** एसपी हरीश बिनजमा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर लावादाग गांव में हैं। इसके बाद पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की गयी। सुबह करीब 10 बजे पुलिस को आता देख उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी मारे गये, जबकि अन्य दो उग्रवादी भागने में सफल रहे। मारे गये उग्रवादी के पास से एक एके 47, दो इंसाफ राइफल, एक देसी बंदूक, पिट्ठू बैग बरामद किये गये हैं। सर्च अभियान जारी है।

### कुडू में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी लेवी के साथ गिरफ्तार

कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) से जुड़े दो सक्रिय उग्रवादियों को कुडू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन उग्रवादियों के पास से 15 हजार नकद, दो मोबाइल फोन और एक टीवीएस अपाचे बाइक जब्त की है। दोनों उग्रवादी ककरगढ़ एड़ा दोन में एक निमार्णाधीन सड़क परियोजना से लेवी वसूली करने पहुंचे थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदांत शंकर ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि पुलिस अधीक्षक सादिक अहमद रिजवी को सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ उग्रवादी एक ठेकेदार से 5 लाख की लेवी वसूलने आने वाले हैं। टीम ने मनीष कुमार से लेवी की वसूली करते वक्त दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान रांची जिले के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव निवासी रूपेश मुंडा और चान्हो थाना क्षेत्र के चामा रमदगा निवासी भरत कुमार साहु के रूप में हुई है। रूपेश मुंडा के खिलाफ पहले से ही हत्या, आगजनी, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

### बीजापुर में जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार शाम को मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मामला बासागुड़ा थाना इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

### निशिकांत और विद्युत समेत 17 सांसदों को मिलेगा संसद रत्न



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विभिन्न पार्टियों के 17 सांसदों को संसद रत्न से सम्मानित किया जायेगा। इस लिस्ट में झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और विद्युत वरण महतो के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से सुप्रीम सुले, भाजपा के रवि किशन, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अरविंद सांवत समेत 17 सांसद शामिल हैं। सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न सम्मान-2025' से सम्मानित किया जायेगा। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओड़िशा), एन के प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी, महाराष्ट्र) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किये जायेंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाये रखा है। अन्य सम्मानित किये जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। समिति श्रेणी में भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्ट की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# सरायकेला : चेक डैम में नहा रहे चार युवकों की डूबने से हुई मौत

## डैम के स्लैब से पानी में लगायी छलांग, सिर में चोट के निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला के खरसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत दलाइकेला गांव में चेक डैम में नहाने के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ है। इसमें चार युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गयी है। इस घटना को लेकर पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों में 18 वर्षीय सुनील साहू, 20 वर्षीय गौरव मंडल, 20 वर्षीय मनोज साहू एवं 22 वर्षीय हरिबासो दास शामिल है। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे के आसपास छह युवक नहाने के लिए गांव के चेक डैम पर गये हुए थे। सभी युवकों ने चेक डैम में कंक्रीट से बने स्लैब पर खड़े होकर एक साथ पानी में छलांग लगायी। थोड़ी देरी के बाद दो युवक खुद से तैरकर पानी से बाहर आ गये, लेकिन अन्य चार युवक पानी के अंदर में रहे। इसके बाद बाकी युवकों ने स्थानीय लोगों की मदद से उन चारों लड़कों को पानी से बाहर निकल गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



**चारों के शव पर चोट के निशान:** प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा यह बताया जा रहा है कि पानी में छलांग लगाने वाले चारों युवकों के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि पानी में कहीं पत्थर या कंक्रीट का स्लैब अवश्य होगा, जिससे टकराने के बाद सभी युवक बेहोश हो गये और बाद में उन सभी की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव के लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी खरसावां पुलिस को दी। इसके बाद सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया।

### नहाने के क्रम में हुई मौत, जांच की जा रही

सरायकेला के सर्किल इंस्पेक्टर नितिन कुमार ने कहा कि चेक डैम में नहाने के क्रम में चारों यवकों की पानी में डूबने से मौत हो गयी है। चारों की पहचान हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये जायेंगे। साथ ही मामले की हर पहलु से जांच की जा रही है।

## बिहार में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल

# बोधगया में एंबुलेंस के भीतर युवती से गैंगरेप

### होमगार्ड बहाली के फिजिकल टेस्ट में हुई थी बेहोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोधगया।** बिहार के बोधगया में एक 26 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि चलती एंबुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यह घटना कथित तौर पर 24 जुलाई को हुई, जब होमगार्ड भर्ती की शारीरिक परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, महिला ने दावा किया कि गाड़ी में बेहोशी की हालत में कई लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बोधगया पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने दो संदिग्धों




एंबुलेंस चालक विनय कुमार और गाड़ी में सवार तकनीशियन अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों फिलहाल हिरासत में हैं और पूछताछ चल रही है। गया पुलिस ने इस कार्रवाई को त्वरित और तत्काल बताया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज से एंबुलेंस के रास्ते और समय की पुष्टि करने में मदद मिली है, जिससे चल रही जांच में अहम सबूत मिले हैं। फोरेंसिक टीम जल्द ही अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पेश करेगी।

पुलिस शिकायत के अनुसार महिला ने बताया कि शारीरिक परीक्षण के दौरान वह बेहोश हो गयी थी और अस्पताल ले जाते समय उसे आंशिक रूप से होश आया। बाद में उसने पुलिस और अस्पताल के कर्मचारियों को बताया कि एंबुलेंस में तीन-चार लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया। इस घटना के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ गयी हैं।

## यूपी में योगी सरकार की 'गो सेवा से समृद्धि' पहल

# पंचगव्य से निखरेगा रूप, बायोगैस से दौड़ेंगी गाड़ियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में 'गो सेवा से समृद्धि' अब अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और ग्रामीण जीवनशैली को एक नयी दिशा देने जा रही है। पहली बार पंचगव्य से सौंदर्य उत्पाद, जैविक कीटनाशक और बायोगैस जैसे नवाचारों का समावेश करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में अनेक परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जो पारंपरिक आस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नये अवसर प्रदान करेंगी। पंचगव्य से स्किन केयर बनाने, बायोगैस से वाहन चलाने और जैविक उत्पादों से हरित खेती की परिकल्पना को अब सीएम योगी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर पर अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, चित्रकूट, कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी से इसकी शुरुआत होने जा रही है। प्रदेश भर में विभिन्न नवाचारों पर आधारित परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। ये परियोजनाएं गोवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण नवाचार को नयी पहचान दिलायेंगी।

**हर गोशाला से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम :** प्रदेश की 75 चयनित गोशालाओं में प्रति वर्ष 25



लाख रुपये की स्व-अर्जन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह नवाचार किसानों और पशुपालकों के लिए एक स्थायी आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करेगा। इससे गोशालाएं सिर्फ संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उत्पादन और शोध केंद्र के रूप में कार्य करेंगी।

**गो सेवा से ग्रामीणों को मिलेगा नया जीवन :** गोवंश आधारित योजनाएं सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी बन रही हैं। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गो आधारित उत्पादों से किसानों और ग्रामीणों को कम लागत में अधिक लाभ मिलेगा। पंचगव्य, बायोगैस, जैविक कीटनाशक और बायो फेंसिंग से गांवों में नयी आर्थिक ऊर्जा का संचार होगा।

### सीएम योगी का ग्राम-ऊर्जा मॉडल लायेगा बदलाव

मुख्यमंत्री के ग्राम-ऊर्जा मॉडल से गांवों की सूरत बदलने जा रही है। गांवों में बायोगैस संयंत्र, पंचगव्य आधारित उत्पादों और जैविक खाद-कीटनाशकों के संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ ऊर्जा, कृषि सुधार और रोजगार का नया रास्ता खोला जायेगा। बायोगैस के जरिये वाहन चलाये जा सकेंगे। इसकी पूरी कार्ययोजना बनायी जा रही है। इससे एलपीजी की खपत में कमी आयेगी और पर्यावरण की भी सुरक्षा होगी।

### गो सेवा के जरिये भविष्य की अर्थव्यवस्था का खाका तैयार

सीएम योगी ने स्पष्ट किया है कि गो सेवा को अब परंपरा से हटकर आर्थिक विकास, नवाचार और पर्यावरणीय संतुलन से भी जोड़ा जायेगा। इससे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की राह पर और मजबूती से आगे बढ़ेगा। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा।

## अंपायर पक्षपाती था, इसलिए हारी कांग्रेस: राहुल गांधी



**आणंद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन करने से पहले कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके विचारों पर विचार करेगा। उन्होंने शनिवार को एक बार फिर भारतीय चुनाव आयोग पर निशाना साधा और गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी की लगातार हार के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी के संगठन सृजन अभियान शिविर के दौरान आणंद में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने चुनाव आयोग को पक्षपाती करार दिया और जोर देकर कहा कि गुजरात में भाजपा को उसके मुख्य आधार पर हराना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य में अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा है। शिविर के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल के भाषण की सराहना की, साथ ही चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना की।

# दुख है ऐसी सरकार के समर्थन पर: चिराग पासवान

## बिहार में अपराध पर नीतीश सरकार को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सही है कि इस घटना की निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? अपराधों का एक सिलसिला सा चल पड़ा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह होगी, बल्कि स्थिति भयावह हो गयी है। पासवान ने राज्य सरकार पर या तो स्थिति को छिपाने का प्रयास करने या स्थिति को संभालने में असमर्थ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर यह कहा जा रहा है कि यह चुनाव के कारण हो रहा है, तो मैं यह भी कह सकता हूं कि ऐसा हो सकता है, यह सरकार को बदनाम करने की साजिश हो सकती है, लेकिन फिर भी इसे नियंत्रित करना



प्रशासन की जिम्मेदारी है। आपके प्रशासन में अपराधी कैसे बच निकल रहे हैं... या प्रशासन स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रहा है, या प्रशासन स्थिति को संभालने में पूरी तरह से असमर्थ है। उन्होंने कहा, मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है। लोजपा (आर) नेता की यह टिप्पणी गया में होमगार्ड भर्ती अभियान में भाग ले रही 26 वर्षीय एक महिला के साथ एंबुलेंस के अंदर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद आयी है। यह घटना 24 जुलाई को हुई थी, जब शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। यह पहली बार नहीं है, जब एनडीए सहयोगी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला किया है।

# नीतीश सरकार के बचाव में उतरे जीतन राम, चिराग को दी सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नेता जीतन राम मांझी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से एनडीए के साथ जुड़े रहने और इसे मजबूत करने में योगदान देने का आग्रह किया है। चिराग ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की आलोचना की थी। पटना में मीडिया से बात करते हुए मांझी ने कहा कि हम एनडीए में हैं। हमें एनडीए की मदद करनी है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्हें एनडीए को मजबूत करना चाहिए। मांझी ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में पासवान के राजनीतिक रुख का जिक्र किया और अतीत की तरह टकराव न दोहराने का आग्रह किया। मांझी ने कहा कि अगर वह 2020 की नीति नहीं अपनाते हैं, तो यह बहुत अच्छी बात होगी। वहीं, चिराग के एक बयान पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मैं बिहार में एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जो अपराध और अपराधियों से कोई समझौता नहीं करती। जो हर आपराधिक घटना का ना केवल खुलासा करती है, बल्कि वारदातों में शामिल अपराधियों को सलाखों के भीतर भेजती है। हमें गर्व है कि बिहार में एनडीए के नेतृत्व में सुशासन की सरकार है।




राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए के वर्तमान महत्व पर प्रकाश डालते हुए मांझी ने जोर देकर कहा, आज एनडीए समाज और देश के लिए जरूरी हो गया है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार हर तरह का विकास कर रहे हैं। अगर कोई एनडीए का विरोध करता है, तो मुझे लगता है कि उसके मन में राज्य और देश की जनता के प्रति अच्छी भावना नहीं है और अगर इसे मजबूत करने के लिए काम किया जा रहा है, तो हम इसकी सराहना करेंगे। मांझी ने कहा कि चिराग जी का राजनीतिक करियर बहुत छोटा है। उनके पिता का लंबा राजनीतिक करियर रहा है और उन्होंने 40-45 सालों तक देखा है कि बिहार में क्या हो रहा था। चिराग पासवान इस बारे में अनभिज्ञ हैं, इसलिए वह ऐसा बोल रहे हैं, क्योंकि उन्होंने इसे देखा ही नहीं है।

# यूपी बीजेपी के नये अध्यक्ष के लिए छह नाम रेस में

### भूपेंद्र चौधरी के विकल्प की तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** बीजेपी की उत्तर प्रदेश इकाई ने छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी है, जो राज्य इकाई के अगले प्रमुख का चयन करने के लिए तैयार है। इनमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। ये सभी पुरुष हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में 2027 की शुरुआत में चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव भाजपा के सामने प्रमुख निर्णयों में से एक माना जाता है, जो राज्य में अपने लोकसभा झटके को उलटने और लखनऊ में लगातार तीसरा कार्यकाल सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। बीजेपी ने 37 संगठनात्मक इकाइयों में से 25 से ज्यादा में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है, अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा नेता ने




बताया कि नये राज्य प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी की जगह लेंगे। सुझाये गये नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी) और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्या सागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं।

**15 अगस्त के बाद होगा नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव :** बीजेपी स्वतंत्रता दिवस के बाद पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। नये अध्यक्ष के चयन में देरी से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी अटकलों का दौर जारी है। भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कथित तौर पर संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के भीतर तटस्थ रुख रखने वाले उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने की सलाह दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भाजपा ने चार संभावित उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें से सभी के पास संगठनात्मक अनुभव है। इनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान और वरिष्ठ भाजपा नेता बीडी शर्मा इस पद के लिए सबसे आगे बताये जा रहे हैं, क्योंकि वे इस पद के लिए आवश्यक योग्यताएं पूरी करते हैं। पार्टी पहले अपनी केंद्रीय परिषद की बैठक बुलाकर विचाराधीन नामों में से किसी एक पर आम सहमति बनाने की तैयारी कर रही है। एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि अब यह लगभग तय लग रहा है कि पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा 15 अगस्त के बाद की जायेगी।

# राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

## राबड़ी उपाध्यक्ष, जगदानंद पर फिर भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम तैयार की गयी है, जो बिहार चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने और सामाजिक समीकरणों को साधने का काम करेगी। राजद ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी लिस्ट जारी कर दी है। राजद चीफ लालू यादव के नेतृत्व में घोषित इस नयी टीम में जातीय समीकरण को भी साधा गया है। राजद की नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व सांसद महबूब अली कैसर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा अब्दुल बारी सिद्दीकी को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं सुनील कुमार सिंह को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



जयप्रकाश नारायण यादव एवं भोला यादव सहित 12 राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही 10 राष्ट्रीय सचिव बनाये गये हैं। इसकी जानकारी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने दी।

### राजद की नयी टीम

अध्यक्ष- लालू प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष- राबड़ी देवी, जगदानंद सिंह, महबूब अली कैसर, उदय नारायण चौधरी, प्रधान महासचिव- अब्दुल बारी सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष- सुनील कुमार सिंह, महासचिव-जय प्रकाश नारायण यादव, डॉ नील लोहित दास (पूर्व एमएलए), भोला यादव, ललित कुमार यादव (विधायक), कुमार सर्वजीत (विधायक), सैयद फैसल अली (विधान परिषद सदस्य), अभय सिंह (झारखंड), सुखदेव पासवान, सुशीला मोराले, अनु चाको (केरल), अलख निरंजन उर्फ बिनु यादव, रेनू कुशवाहा, सचिव-यदुवंश कुमार यादव, डॉ लाल रत्नाकर, भरत भूषण मंडल (विधायक), कार्तिकेय कुमार सिंह (विधान परिषद सदस्य), विजय वर्मा (मधेपुरा), संतोष कुमार जयसवाल (दिल्ली), संजय ठाकुर (मुजफ्फरपुर), राजेंद्र राम (पूर्व विधायक), स्वीटी सीमा हेंब्रम (पूर्व विधायक), सुरेंद्र राम (विधायक)।

www.epaper.azadsipahi.in
27 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 277



मालदीव से मजबूत रिश्तों के लिए उत्सुक है भारत : मोदी

# प्रधानमंत्री मोदी बने दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता

- अमरिका के राष्ट्रपति रैंकिंग में काफी पीछे
- मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वे में आया सामने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की बिजनेस इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट के एक सर्वे के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के नेताओं में 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता हैं। यह डेटा 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच सर्वे करके इकट्ठा किया गया। साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 59% के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 45% से कम अप्रूवल के साथ आठवें स्थान पर हैं।

मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे का डेटा क्या कहता है?

रिपोर्ट के मुताबिक मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में भाग लेने वाले 75% लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को एक लोकतांत्रिक विश्व नेता के रूप में पसंद किया। 7% लोग कोई राय नहीं बना पाये, जबकि 18% लोगों ने उन्हें नापसंद किया। इस लिस्ट में दूसरे सबसे लोकप्रिय नेता साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। उन्हें 59% लोगों ने पसंद किया। 13% लोगों को उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी, जबकि 29% लोगों ने उन्हें नापसंद किया। म्युंग के लिए दूसरा स्थान हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अभी एक महीना पहले ही साउथ कोरिया के राष्ट्रपति का पद संभाला है।



## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आठवें स्थान पर

कनाडा के नये प्रधानमंत्री मार्क कार्नी चौथे स्थान पर हैं। उन्हें 56% वोट मिले। 31% लोगों ने उनके खिलाफ वोट किया, जबकि 13% लोगों ने कोई राय नहीं दी। ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी अल्बानीस पांचवें स्थान पर हैं। उन्हें 54% वोट मिले। 35% वोटर उनसे सहमत नहीं थे, जबकि 11% लोगों ने कोई राय नहीं दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आठवें स्थान पर हैं। उन्हें केवल 44% वोट मिले। हैरानी की बात यह है कि ट्रंप ने पिछले नवंबर में अमेरिका का चुनाव भारी बहुमत से जीता था। उनके व्यापार शुल्क और कुछ अंदरूनी फैसलों से उनकी लोकप्रियता कम हुई है। पोलैंड के डोनाल्ड टस्क नौवें स्थान पर हैं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी दसवें स्थान पर है।

# विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे नवीन जायसवाल

- विधायक राज सिन्हा और नागेंद्र महतो सचेतक बनाये गये
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने शनिवार को झारखंड विधानसभा में अपने दल के मुख्य सचेतक और सचेतक की घोषणा कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसकी घोषणा की। हटिया से विधायक नवीन जायसवाल विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे। वहीं, धनबाद के पार्टी विधायक राज सिन्हा और बगोदर विधायक नागेंद्र महतो सचेतक होंगे। बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, सांसद प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त मुख्य सचेतक और सचेतक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पार्टी द्वारा लिये गये इस निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि एक कार्यकर्ता से लेकर लगातार विधायक बनकर लंबा राजनीतिक अनुभव रखने वाले नवीन जायसवाल विधानसभा में पार्टी की ओर से मजबूती के साथ पक्ष रखेंगे। इसी तरह पार्टी ने राज सिन्हा जो धनबाद से लगातार जीतते आये हैं उन्हें सचेतक बनाने का निर्णय लिया है। नागेंद्र महतो सचेतक के रूप में पार्टी का पक्ष विधानसभा में रखेंगे।



### प्रदेश कार्यालय पहुंचे नवीन जायसवाल मिठाई खिलाकर दी गयी बधाई

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हटिया विधायक नवीन जायसवाल को पार्टी का मुख्य सचेतक बनाये जाने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पार्टी कार्यालय पहुंचे नवीन जायसवाल का जमकर स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कुछ बड़े नेताओं ने मिठाई खिलाकर नवीन जायसवाल को बधाई दी। इस मौके पर नवीन जायसवाल ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरा करने का काम करूंगा और सदन में पार्टी की बातों को प्रमुखता से रखने का काम करूंगा।





**समस्याओं को प्रमुखता से रखा जायेगा: नवीन जायसवाल :** उन्होंने कहा कि कई ज्वलंत समस्याएं हैं, चाहे युवाओं की बात हो या रोजगार की या फिर झारखंड की अस्मिता की बात हो सदन के अंदर प्रमुखता से रखी जायेगी। नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार के द्वारा अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदले जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह ओछी राजनीति है। उन्होंने कहा कि हमें समझ में नहीं आता कि जिस अटल जी के प्रयास से यह राज्य बना उन्हीं के नाम पर राजनीति हो रही है। यदि वह नहीं रहते तो शायद झारखंड नहीं बनता, ऐसी स्थिति में उनके नाम से परहेज राजनेताओं के मनोविचार को दर्शाता है।

**मदर टेरेसा के नाम से कोई दूसरी योजना लायी जा सकती थी: नवीन जायसवाल :** मदर टेरेसा के नाम से यदि कोई योजना सरकार लाना चाहती थी तो लायी जा सकती थी। नाम परिवर्तित कर जिस तरह से राजनीति की जा रही है, उससे अटल जी का नाम छोटा नहीं होगा बल्कि वह अपना नाम छोटा कर रहे हैं जो इस पर राजनीति कर रहे हैं।

# मदर टेरेसा क्लिनिक के नाम पर राज्य सरकार कर रही है धर्मांतरण बढ़ाने की तैयारी : अमर बाउरी

- राज्य सरकार मदर टेरेसा क्लिनिक को स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाने का निर्णय करेगी, जिसमें धर्मांतरण कराने वाली संस्थाएं शामिल होंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राज्य सरकार पर, मदर टेरेसा क्लिनिक के नाम पर धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बाउरी शनिवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य के झुग्गी-झोपड़ी और बस्तियों में राज्य सरकार की ओर से चलने वाले अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक करना एक बड़ी साजिश है। मदर टेरेसा का भाजपा सदा सम्मान करती है। उनकी सेवा भावना और गरीबों, कुष्ठ रोगियों के लिए की गयी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत सरकार ने मदर टेरेसा को कई बड़े अलंकरणों से सम्मानित भी किया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि कई संस्थाएं सेवा के नाम पर लाखों गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा,



भोजन और वस्त्र उपलब्ध कराकर उनकी पहचान, उनके धर्म और संस्कार को बदलने का कार्य भी कर रही हैं।

बाउरी ने कहा कि धर्मांतरण की समस्या राज्य की एक बड़ी समस्या है, जिसे मदर टेरेसा क्लिनिक के सहारे और तेज करने की साजिश राज्य सरकार की ओर से रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अलग झारखंड राज्य का सपना भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर 2000 को साकार किया। जबकि आज के राज्य के सत्ताधारी दल झामुमो-कांग्रेस और राजद आंदोलन को बेचने व खरीदने में लगे थे। दिखावा के लिए ऑटोनोमस कॉउंसिल पर ही सहमत हो गये थे, इनकी नीयत साफ रहती, तो वर्ष 2000 से पहले ही अलग राज्य का गठन करा सकते थे। अलग झारखंड राज्य का नक्शा भी भाजपा के वनांचल राज्य का नक्शा है, जो अटल जी की देन है।

बाउरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड के कण-कण में बसे हैं और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अटल मोहल्ला क्लिनिक की स्थापना की थी, जिसे राज्य सरकार ने बदल कर मदर टेरेसा क्लिनिक करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि मदर टेरेसा का झारखंड में क्या योगदान है? उन्होंने कहा कि यह नाम परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा को ठीक करने के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की आड़ में धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संरक्षण है।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की आशंका है कि आनेवाले दिनों में राज्य सरकार मदर टेरेसा क्लिनिक को स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाने का निर्णय करेगी, जिसमें धर्मांतरण कराने वाली संस्थाएं शामिल होंगी। लेकिन भाजपा इस साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। एक सशक्त विपक्ष के नाते पार्टी सदन से सड़क तक कड़ा विरोध करेगी।

# जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को दो साल की सजा

- सीबीआइ की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला
- दो अन्य आरोपी को भी सजा और जुर्माना
- 2004 का है मामला, धोखाधड़ी का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ की विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को




भ्रष्टाचार के मामले में दो साल की सजा एवं 50 हजार का जुर्माना लगाया है। दिलीप प्रसाद के साथ-साथ आरोपी सुरेंद्र कुमार जैन और सुधीर जैन को भी दो-दो साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दिलीप प्रसाद को अपील में जाने के लिए अदालत ने जमानत दे दी है। दिलीप प्रसाद और जैन बंधुओं पर धोखाधड़ी एवं षडयंत्र कर लगभग 29 लाख रुपये की सरकार को राजस्व क्षति पहुचाने का आरोप था। 2004 में हुए इस घोटाले को लेकर वर्ष 2013 में उनके विरोध एफआइआर दर्ज किया गया था। दिलीप प्रसाद पर जेपीएससी में नियुक्तियों में रिश्वत लेने का भी आरोप था। इनके साथ दो और लोगों को सजा सुनायी गयी है। यह मामला सीबीआइ के केस नंबर आरसी 6/2013 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। भर्ती घोटाले से जुड़े दर्जनों मामलों में से यह पहला मामला है, जिसमें अंतिम निर्णय आया है। कोर्ट ने इससे पहले अंतिम बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सार्वजनिक कर दिया गया है।

# कांग्रेस ने भाजपा पर किया पलटवार : दल-बदल करने वाले अमर बाउरी आज नाम बदलने पर पीट रहे छाती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को निशाने पर लिया है। बाउरी पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि एक मोहल्ले क्लिनिक का नाम करुणा और मानव सेवा के प्रतीक मदर टेरेसा के नाम पर किया गया तो भाजपा हाय तौबा क्यूं मचा रही है।

मदर टेरेसा त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने



अपना पूरा जीवन कुष्ठ रोगियों, अनाथ बेसहारा लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा की। मदर टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया। ऐसे में आरोप लगाकर भाजपा अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रही है।

**प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा से पूछे कई सवाल :** राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य गठन से अब तक सर्वाधिक दिनों तक सत्ता के शीर्ष पर भाजपा रही है। अमर बाउरी बतायें कि अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर क्यों नहीं एक भी योजना अपने शासनकाल में शुरूआत की। क्या वेंडर मार्केट का नाम स्वर्गीय अटल जी के नाम से रख देने से क्या यह अटल जी के प्रति सम्मान है भाजपा बताये। आज तक देश में कितनी योजनाओं का नाम देश के प्रधानमंत्री ने बदला है जो देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम से था। कई सड़कों का नाम बदल डाला जो इस देश के विभूतियों के नाम से था।

# आरोप : शिक्षक के व्यवहार से परेशान छात्रा ने की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र की एक गांव की निवासी आठवीं की छात्रा ने शुक्रवार की रात फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। हालांकि छात्रा ने खुदकुशी क्यों की, इसकी स्पष्ट जानकारी तो नहीं हो पा रही है, परंतु मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक पारा शिक्षक द्वारा बच्ची को कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा था, इसी कारण उसने खुदकुशी जैसी खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गयी। इस मामले को लेकर शनिवार को ग्रामीणों के द्वारा स्कूल के प्रांगण में जमकर हंगामा भी किया गया। परिजनों के आरोप के बाद लातेहार पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पूछताछ के लिए थाना लेकर आयी। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक छात्र के परिजनों के अनुसार आठवीं




क्लास की छात्रा शुक्रवार को स्कूल से आने के बाद काफी परेशान थी। शुक्रवार की रात में उसने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली । परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल के एक शिक्षक उसके साथ गलत हरकत करते थे। इस मामले को लेकर पहले भी संबंधित शिक्षक को चेतावनी दी गयी थी, परंतु वह सुधर नहीं रहा था। मामले को लेकर शुक्रवार को भी शिक्षक को समझाया गया था। परंतु जब छात्रा स्कूल से घर आयी तो वह काफी परेशान थी। शुक्रवार की रात परेशान छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली। इधर घटना के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंचकर विरोध जताते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस मामले में पारा शिक्षक का कहना है कि बच्ची के द्वारा स्कूल में पैसा लाया गया था। उसी से संबंध पूछताछ की गयी है। परिजनों द्वारा जो आरोप लगाया गया है। वह पूरी तरह गलत है।

इधर इस मामले में संज्ञान लेते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मुकेश यादव ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाये और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने स्कूलों में काउंसलिंग की व्यवस्था करने की भी मांग की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री, जज और अधिकारियों के नाम पर ठगी करने वाले अपराधी पर इनाम घोषित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री, जज और अन्य शीर्ष अधिकारियों के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी के खिलाफ रांची पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि रंजन कुमार मिश्रा नाम के अपराधी के बारे में किसी प्रकार की जानकारी मिले, तो रांची पुलिस को तुरंत सूचित करें। रांची पुलिस के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री, जज और आला अधिकारियों से ठगी करने वाला रंजन कुमार मिश्रा मूल रूप से पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के परसुडीह का रहने वाला है। उसके खिलाफ देश के कई राज्यों में 19 मामले दर्ज हैं। लिहाजा, पुलिस ने जनता से अपील की है कि रंजन के रहने या छिपे होने के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के मोबाइल नंबर 9431706136 पर या आतंक विरोधी दस्ता (एटीएस) के अधीक्षक (एसपी) के फोन नंबर 9771438670 पर सूचित करें। सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि रंजन मिश्रा बेहद शातिर अपराधी है। 2018 में उसने खुद को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा बताकर 40 लाख रुपये की ठगी की थी। इसके अलावा, 2020 में उसने उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी के नाम पर राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर राजमणि को ठगने का प्रयास किया था।

इस मामले की जांच के दौरान एसटीएफ ने उसे 30 जुलाई 2020 को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया था। लंबी अवधि तक जेल में रहने के बाद वह 2023 में रिहा हुआ। इसके बाद उसने रांची में एक जज के नाम पर ठगी करने की कोशिश की, इस संबंध में गोंदा थाना में मामला दर्ज किया गया है। रंजन मिश्रा के खिलाफ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में कुल 19 मामले दर्ज हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETELCONBBST-357ER, दिनांक : 18.07.2025

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के अधीन खोरधा रोड मण्डल में 1x25 kV सिस्टम का तालचेर-पाललहड़ा सेक्शन के बीच ट्रैक्शन सब-स्टेशन (TSS), सेक्शनिंग एवं पैरलेलिंग (Paralleling) पोस्ट (SP) एवं सब-सेक्शनिंग एवं पैरलेलिंग (Paralleling) पोस्ट (SSP) की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, रुपान्तरण, परीक्षण एवं शुरूआत।

**कार्य का अनुमानित लागत (रुपये में) :** 2079.58 लाख, EMD(रुपये में) : 11,89,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 18 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.08.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण-I/ भुवनेश्वर

PR-66/CI/25-26

## सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग बार संघ को दिया शानदार आधुनिक सभागार का तोहफा, कहा

# विकास की गति रहेगी बरकरार

**सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद और झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने संयुक्त रूप से किया सभागार का उद्घाटन, सैकड़ों अधिवक्ता बनें इस क्षण का गवाह**

**बार के विकास की दिशा में सांसद मनीष जायसवाल का सराहनीय कदमः प्रदीप प्रसाद**

**हजारीबाग के ऐसे सभागार जैसा सभागार पूरे झारखंड के किसी बार संघ में नहीं हैः राजेंद्र कृष्णा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार एसोसिएशन भवन के ऊपरी तल्ले में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नहीं वर्तमान विधायक कार्यकाल के विधायक निधि की राशि करीब 34 लाख रुपये से नवनिर्मित आकर्षक और कई सुविधाओं से सुसज्जित एक शेड पर बना बेहद सुंदर सभागार का शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर, फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान हजारीबाग बार संघ की युवा अधिवक्ता दीपशिखा ने अपने साथी अधिवक्ता के साथ मां शारदे की वंदना की। स्वागत भाषण हजारीबाग बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार (राजू) ने देते हुए यह सभागार सिर्फ एक सभागार नहीं, बल्कि हम अधिवक्ताओं के सपनों का आधार है जो पूरा होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सपने को साकार करने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने जो योगदान दिया है वह अतुलनीय है।

बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस भवन के निर्माण में थोड़ा समय अधिक जरूर लगा, लेकिन सभागार के स्वरूप को देख ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी बैंक्वेट हॉल में हम बैठे हों। अधिवक्ता संघ ने मद का सदुपयोग किया और एक अच्छा सभागार का निर्माण बार भवन में कराया इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। आप अधिवक्ता पेड़ के छाव तले बैठकर न्यायपालिका में जरूरतमंदों को न्याय दिलाने का काम करते हैं, तो हमारा भी यह उत्तरदायित्व है कि बतौर एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि हम आपको बेहतर आधारभूत संरचना प्रदान करें। सांसद ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो हमेशा चलता रहेगा, लेकिन आपने अपने प्रयास से जिस प्रकार आधारभूत संरचना को बढ़ाया है वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग बार संघ एक ऐतिहासिक धरोहर है और यहां से विकास की परिकल्पना निकलती है।

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के सहयोग से हजारीबाग बार संघ में जितना सुंदर सभागार का निर्माण हुआ है ऐसा पूरे झारखंड में किसी भी बार संघ में अबतक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तो महज के शुरूआत है, आने वाले समय में करीब 5 करोड़ की लागत से यहां राज्य सरकार द्वारा एक बहुमंजिला भवन का निर्माण होगा जिसकी सारी कारवाई पूर्ण कर ली गयी है।

इस नये सभागार के उद्घाटन समारोह में मंच संचालन अधिवक्ता संघ के महासचिव सुमन कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया। मंच पर संघ के सह सचिव (प्रशासनिक) दीपक कुमार और (लायब्रेरी) कुणाल कुमार मौजूद रहें। इस दौरान संघ के कोषाध्यक्ष भरत कुमार, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अनुराधा मिश्रा, भैया सुमित सिन्हा, शिवदत्त कुमार, चंद्रिका प्रसाद, गौरी शंकर प्रसाद, मनमीत कुमार, मो. बहजाद अनवर, विभव कुमार, डॉ. चंदन कुमार सहित सैकड़ों वरिष्ठ, कनिष्ठ और महिला अधिकावक्तागण मौजूद रहें।

## तार का बंडल गिरने से एक मजदूर की मौत

### नहीं थी व्यवस्था, ट्रेलर से इलाज के लिए ले गये साथी मजदूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** शनिवार को फैक्ट्री में तार के बंडल गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मामला चंदवारा थाना क्षेत्र के आरारो पंचायत अंतर्गत धनलक्ष्मी टावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का है जहां हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान रोहित कुमार (20, पिता विजय राजविंद, कैमूर, जिला भभुआ, बिहार) के रूप में हुई है। वह उक्त फैक्ट्री में बिजली का पोल बनाने का काम किया जाता है। एक जगह एकत्रित तार के रोल को क्रेन के माध्यम से निर्माण स्थल तक ले जाया जाता है। तार रोल को निर्माण स्थल तक ले जाने के क्रम में रोल उक्त युवक पर गिर गया जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद फैक्टरी संचालक को इसकी सूचना दी गयी, सूचना देने के उपरांत भी वे घटनास्थल पर नहीं पहुंचे और न ही उनके द्वारा घायल मजदूर को ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी। मजबूरन हादसे के बाद उक्त युवक को प्राथमिक इलाज के लिए ट्रेलर से निजी क्लीनिक ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन मृतक को सदर अस्पताल ले गये। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा चंदवारा थाना को दी गयी। सूचना के उपरांत चंदवारा पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर जायजा लिया। वहां कार्यरत मजदूरों का आरोप है कि इस फैक्ट्री में लगभग 25-30 मजदूर कार्यरत है। जिनके सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं हैं। साथी मजदूर के मौत के बाद साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से खून के धब्बे मिटाने का भी प्रयास किया गया। इससे पूर्व में भी सांप के काटने से एक मजदूर की मौत हो गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में हमारे सहकर्मी की मौत हो गयी, सुरक्षा के इंतजाम होते तो ये हादसा न होता।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल :** इस तरह की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है क्योंकि इससे पता चलता है कि फैक्ट्री में पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद नहीं थे। सुरक्षा नियमों का पालन न करना घटना का एक प्रमुख कारण हो सकता है। किसी भी फैक्ट्री में भारी सामान का गिरना एक गंभीर दुर्घटना का संकेत है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर हादसे ने फिर प्लांट की औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मजदूरों की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे हादसे रोकने के लिए सख्त निगरानी, सुरक्षा ट्रेनिंग और तकनीकी जांच की जरूरत है।

## सड़क दुर्घटना में छह लोग घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शनिवार को जिले के तिलैया थाना अंतर्गत पटना-रांची मुख्य मार्ग के एनएच 20 पर स्थित सुभाष चौक के समीप एक सड़क दुर्घटना में आधे दर्जन लोग घायल हो गये हैं। घायलों में 10 वर्षीय अरशद मोहम्मद, रिजवान उम्र 16 वर्ष, अरहान उम्र 10 वर्ष, रुशाद कुमारी उम्र 12 वर्ष, तनिष्का खातून उम्र 45 वर्ष तथा ऑटो के चालक जीवलाल अंसारी उम्र 47 वर्ष शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस की पेट्रोलिंग वहां घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को सड़क के किनारे लाकर रखा गया ताकि यातायात बाधित न हो।

## रोबिन का बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीणों ने किया स्वागत



**पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने सॉल और माला पहनकर आशीर्वाद दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड लोक सेवा आयोग 2023 के परिणाम में बड़कागांव प्रखंड से 7 विद्यार्थी अलग-अलग पदों पर चयनित हुए हैं। उनमें से बड़कागांव प्रखंड के ग्राम गंगादोहर किसान संतोष कुमार एवं सुनीता देवी के पुत्र रोबिन कुमार ने झारखंड में सातवां स्थान प्राप्त कर पूरे झारखंड में बड़कागांव प्रखंड का नाम रोशन किया। रोबिन कुमार के बड़कागांव आने पर काली मंदिर के पास ढोल ताशे से उनका जोरदार स्वागत किया गया। सबसे पहले माता काली की पूजा अर्चना की और अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेते हुए सभी से मिले। तत्पश्चात डॉ भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार और कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने आम का पेड़ देकर और माला पहनकर स्वागत किया एवं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर बालेश्वर कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने सॉल ओढ़ कर और माला पहनकर आशीर्वाद और स्वागत किया। वहीं उनके ग्राम गंगादोहर से आये हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके माता-पिता ने बताया कि रोबिन कुमार शुरू से ही मेधावी छात्र रहे उनका प्रारंभिक गंगादोहर में ही हुआ है उसके बाद मैट्रिक उन्होंने गर्रीकला हाई स्कूल 2014 में 80.8% नंबर, इंटर मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से 2016 में 62.6% लाकर पास किया, बी एस सी केमेस्ट्री ऑनर्स 2019 में 70.25% लाकर पास किया और पिछले कई सफलता प्राप्त किए थे परंतु इनके मन में हमे बड़े अफसर बने की ख्वाहिश थी जो आज पूरी हुई है। इस मौके पर उप प्रमुख वचन देव कुमार, पंसस कृष्णा राम, वीरेंद्र मेहता, शशि कुमार मेहता, सुरेंद्र कुमार, शमशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, सहेस कुमार, संतोष महतो, संजय महतो भाई, नवीन कुमार, अजीत कुमार, नंदकिशोर मेहता, श्याम मेहता, पंचम महतो सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त ने राजकीय बुनियादी विद्यालय का किया निरीक्षण

### पढ़ाई की गुणवत्ता, मध्यान भोजन, स्मार्ट क्लासेस आदि की जांच की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही ।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर का संपूर्ण भ्रमण करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं की साफ-सफाई, बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता, खेल के मैदान की स्थिति, बच्चों के बैग, पुस्तक, पोशाक एवं जूते के वितरण की स्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, पोषण वाटिका की स्थिति तथा विद्यालय की दीवारों पर बाला पेंटिंग आदि का गहन निरीक्षण किया। कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों से बातचीत कर उपायुक्त ने उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने गणित विषय से संबंधित टास्क देकर बच्चों के शैक्षणिक कौशल एवं शिक्षण प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। उन्होंने मिड डे मील के भोजन की गुणवत्ता को प्राथमिकता से सुधारने की बात कही और विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं बच्चों के अनुकूल बनाने पर बल दिया। उपायुक्त ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षा के साथ - साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देंने की आवश्यकता है।

## उपायुक्त ने चलकुशा प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा



चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्रामीण जलापूर्ति चलकुशा एवं बरियौन में आम बागवानी का निरीक्षण उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह व अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडु ने किया। इस दौरान उपायुक्त ने आम बागवानी में मेढ़ ना रहने की बात कहते हुए अलग-अलग योजना में मेढ़ कर चिंहित करने को कहा। वहीं जनप्रतिनिधियों ने चलकुशा प्रखंड से संबंधित समस्याओं से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को आवगत कराया। प्रखंड के लोगों को नियमित रूप से पानी सप्लाई नहीं होने की शिकायत की गयी, जिसपर उपायुक्त ने पांनी टंकी के कर्मचारी से अपने सभी रजिस्टर का फोटो कापी जमा करने को कहा। चलकुशा के वन भुमि पट्टा का मामला भी उठाया गया। जिप सदस्य सविता सिंह ने बिजली की समस्या एवं प्रखंड की लाइफ लाइन पलमा केशवारी पीडब्ल्यूडी पथ के बरियौन रेलवे पुल के पास बिना अंडरपास बनाये ही रेलवे फोर लाइन निर्माण कार्य के कारण आवागमन में उत्पन्न हुई समस्या से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को आवगत करायी, जिसपर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडु को तुरंत जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिये।

## दनुआ घाटी में हो रही दुर्घटना को लेकर डीसी ने जतायी चिंता, किया निरीक्षण



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। डीसी शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को जिले के अति दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र चौपारण प्रखंड अंतर्गत दनुआ घाटी का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा घाटी क्षेत्र में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का गहनता से मुआयना किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायों पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के क्रम में सड़क किनारे लगे गार्ड वॉल की मजबूती और गुणवत्ता की भी जांच की गयी। यह पाया गया कि कुछ स्थानों पर गार्ड वॉल की स्थिति सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी साइनबोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल संकेतक एवं रम्बल स्ट्रिप्स की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाये, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## एनजीटी की रोक के बावजूद चल रही थी बालू की ढुलाई, चलकुशा पुलिस ने तीन टीपर को पकड़ा

बरकट्ठा/ चलकुशा(आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू का परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी सिलसिले में बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी और चलकुशा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पलमा मोड़ के पास से बीती रात को बालू लदे तीन टीपर वाहनों को जब्त किया है। इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बराकर नदी से बालू लादकर कुछ वाहन निकल रहे हैं। जिसके पश्चात चलकुशा थाना प्रभारी चितरंजन प्रसाद एवं पुलिस बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को पलमा मोड़ के पास पकड़ लिया। इस मामले में चलकुशा थाना में कांड संख्या 42/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में बालू कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ हैं।

## महापुरुषों की प्रतिमाओं को खंडित किया जाना शर्मनाक : ओम प्रकाश मेहता



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर स्थित संत कोलंबा महाविद्यालय के समीप केबी सहाय पार्क में संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय एवं पीडब्ल्यूडी चौक स्थित संथाल विद्रोह एवं हूलआंदोलन के जननायक सिद्धू कान्हू जैसे महापुरुषों की प्रतिमाओं को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किया जाना हजारीबाग के लिए इससे बड़ी शर्मनाक घटना और कुछ नहीं हो सकती। प्रतिमाओं को खंडित किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह कोडरमा सांसद के निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने कहा कि हजारीबाग शहर में दर्जनों महापुरुषों की प्रतिमाएं विभिन्न चौकों में लगी हुई है और इससे पूर्व भी असामाजिक तत्वों द्वारा कई प्रतिमाओं को खंडित किया जा चुका है बार-बार प्रतिमाओं को खंडित किए जाने से हजारीबाग की जनमानस काफी चिंतित है।

## सावित्री कुमारी जेपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बीडीओ बनीं, क्षेत्र का नाम किया रौशन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सांढ़ पंचायत के टोला छपेरवा निवासी परमेश्वर महतो एंव माता नोनिया देवी के द्वितीय पुत्री सावित्री कुमारी उर्फ गुड़िया जेपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। सावित्री कुमारी उर्फ गुड़िया ने जेपीएससी की परीक्षा में बीडीओ की पद पर चयनित हुईं। इनकी सफलता पर माता-पिता, सगे-संबंधी एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी। सावित्री कुमारी उर्फ गुड़िया की प्रारंभिक शिक्षा बाल विद्या मंदिर सयाल, भुरकुंडा, मैट्रिक प्रथम श्रेणी से केकेसी हाई स्कूल सयाल, भुरकुंडा से आईएसी प्रथम श्रेणी से संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से एंव बीएससी प्रथम श्रेणी से संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग से जूलॉजी प्रतिष्ठा से उत्तीर्ण हुए। इन्होंने दूसरी प्रयास में रैंक 202 लाकर झारखंड प्रशासनिक सेवा पद पर चयनित हुईं।

## महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मार्गदर्शित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से प्रशिक्षुओं में सृजनशीलता का सृजन होता है। सहायक प्राध्यापकगण जिनमें आईक्यूएएसी और एनएसएस पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्र, बबली कुमारी, डॉ ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, डॉ सतीश चंद यादव, वीरेंद्र देव, शशिभूषण देव और बीएड सत्र 2024-2026 के समस्त प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

## माही पटेल बनाये गये केंद्रीय संगठन महासचिव



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनासो निवासी विस्थापित युवा नेता महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महासचिव बनाये गये, वहीं पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। माही पटेल ने केंद्रीय संगठन महासचिव बनाए जाने पर केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विष्णुगढ़ उप प्रमुख सह जिलाध्यक्ष सरयू साव, पूर्व पश्चिमी जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, मुखिया चंद्रशेखर, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, सचिव प्रेमचंद महतो, गंगाधर महतो, उपाध्यक्ष रामचंद्र राम, सुरेश कुमार, नंदलाल महतो, टेकलाल महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, गौतम कुमार, धानेश्वर महतो समेत अन्य ने बधाई दी।

# कोरोना ने बदली जिंदगी, वियतनाम से नौकरी छोड़ आया झारखंड, बना डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के विनायक होटल गली में रहने वाले राजू कुमार सुमन जेपीएससी में सफलता पाकर डीएसपी बने है। उनका सपना आईपीएस बनने का था। इनके पिता भी डीएसपी से सेवानिवृत हुए है। राजू कुमार सुमन ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा (जेपीएससी) में 286वीं रैंक प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होकर अपने गांव, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। एससी वर्ग से आने वाले राजू चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के पचमो गांव के निवासी हैं। यह इलाका कभी नक्सल प्रभावित रहा करता था, लेकिन अब इस इलाके ने एक काबिल अफसर को देश को सौंपा है। राजू की प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल से हुई। इंटर के बाद वह दिल्ली चले गये, जहां उन्होंने फैशन डिजाइनिंग में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की।

2020 में कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई, तब राजू भी वियतनाम से भारत लौटे। घर लौटने के बाद उन्होंने ठान लिया कि अब वह कुछ बड़ा और सार्थक करेंगे। यहीं से शुरू हुई उनकी सिविल सेवा की तैयारी। राजू कुमार सुमन के पिता बिरजू गंझू खुद झारखंड पुलिस में डीएसपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बेटे के उसी पद पर चयन की खबर पाकर वे बेहद भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि जिस पद से मेरी नौकरी समाप्त हुई, उसी पद से मेरे बेटे की शुरूआत हो रही है, यह मेरे लिए गर्व और भावुकता से भरा क्षण है।

## सिरसी शंकरपुर की अंशिका ने जेपीएससी में 35वां रैंक प्राप्त की



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जेपीएससी प्रतियोगिता द्वारा जारी परिक्षा परिणाम में सिरसी शंकरपुर की अंशिका कुमारी पिता अर्जुन साहू ने 35वां रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता सहित सिरसी, कटकमदाग के निवासियों सहित पूरे हजारीबाग का नाम रौशन किया है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरूजनों एवं समय बध तरीके से स्वाध्याय को दिया है। इस सफलता पर ग्रामीणों ने अंशिका के सफलता पर गर्व अनुभव करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## एक हाथ से लिखी सफलता की इबारत, विष्णु मुंडा अब बनेंगे अधिकारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड की मिट्टी ने एक और बेमिसाल कहानी को जन्म दिया है। विष्णु मुंडा एक ऐसा नाम जो न सिर्फ प्रशासनिक सेवा की नई पहचान बना, बल्कि लाखों युवाओं को यह सीख भी दे गया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी शारीरिक, सामाजिक या आर्थिक बाधा रास्ते की दीवार नहीं बन सकती। विष्णु ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में 282वीं रैंक हासिल कर झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयन पाया है। लेकिन उनकी ये सफलता एक सीधी राह से नहीं, बल्कि कांटों और संघर्षों से होकर निकली है।

विष्णु मुंडा आदिवासी समुदाय से आते हैं, चकाचौंध से दूर, एक साधारण परिवार में पले-बढ़े। उनके पिता गोवर्धन मुंडा दिन में दिहाड़ी मजदूरी करते थे और रात में रेलवे अधिकारियों के आवास में नाइट गार्ड की ड्यूटी करते थे। मां एक साधारण गृहिणी हैं और बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। विष्णु के बड़े भाई गाडवीन मुंडा ने खुद की पढ़ाई बीच में छोड़ दी, ताकि अपने छोटे भाई विष्णु की पढ़ाई का खर्च उठा सकें। उन्होंने एक निजी संस्था में छोटी सी नौकरी कर ली, लेकिन भाई की पढ़ाई नहीं रुकने दी।

शारीरिक रूप से विष्णु बचपन से ही दिव्यांग हैं। उनका एक हाथ नहीं है, लेकिन इस 'कमी' को उन्होंने कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। पढ़ाई के साथ-साथ विष्णु एक शानदार क्रिकेट खिलाड़ी भी रहे हैं। अपने आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के बल पर वह मुकाम हासिल किया जिसे पाना उनके जैसे हजारों युवाओं का सपना होता है। विष्णु ने कभी महंगी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। संसाधनों की कमी हमेशा बनी रही, लेकिन उन्होंने उसे कभी बहाना नहीं बनने दिया। खुद पढ़ाई की, ट्यूशन पढ़ाया, नोट्स खुद बनाए और इंटरनेट पर उपलब्ध सीमित साधनों से खुद को तैयार किया। विष्णु ने कहा कि मैं चाहता हूँ कि मेरे जैसे दिव्यांग, गरीब और आदिवासी बच्चे कभी हार न मानें। संघर्ष जीवन का हिस्सा है, लेकिन मेहनत से हर अंधेरे को उजाले में बदला जा सकता है। जो लोग सोचते हैं कि वे नहीं कर सकते, मैं उन्हें अपनी कहानी सुनाना चाहता हूं।

## झामुमो जिला अध्यक्ष से मिले नयी कमेटी के पदाधिकारी



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी के साथ, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा और बुद्धिजीवी मोर्चा की नई कमिटी गठन के बाद नव चयनित पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला अध्यक्ष से मुलाकात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने सभी नव चयनित पार्टी पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि आप सबों को पार्टी ने जिम्मेदारी सौंपी है इस पर खरा उतरने का काम करे और पार्टी के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाए। मौके पर केंद्रीय नेता सुनील शर्मा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष सतेंद्र मेहता, इचाक प्रखंड सचिव विनय कुमार उर्फ बिक्की धवन समेत कई झामुमो नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुंदरू उपमुखिया की मां का निधन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरू कला पंचायत निवासी के उपमुखिया मोहराय महतो की मां हेमोल देवी 103 वर्षीय का घर पर आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे 5 पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर दुनियां से अलविदा हो गयी। शव का अंतिम संस्कार दामोदर नदी घाट पर किया गया बड़ा बेटा गहन महतो अपनी मां को मुखाग्नि दिया और शव को पंचतत्व मे विलीन किया गया। अंतिम दाह संस्कार में रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो कुंदरू कला मुखिया किसुन राम मुंडा, तुलसी दास महतो, प्रदीप नायक, बिनोद करमाली, हीरालाल महतो, जयनंदन महतो, महेन्द्र महतो, गंगा राम केशरलाल महतो, भदई महतो,सोहराय महतो, मोहन लाल महतो, गौतम महतो सहित अंतिम दर्शन मे कई शामिल हुए।

## आरएच पब्लिक स्कूल में लेखन प्रतियोगिता



कुजू (आजाद सिपाही)। आरएच पब्लिक स्कूल, बूढ़ाखाप (रामगढ़) में हिंदी और अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में वर्ग एक से चार तक और सीनियर ग्रुप में वर्ग पांच से 9वीं तक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने हिंदी और अंग्रेजी में अपने विचारों के साथ लेखन क्षमता, रचनात्मक सोच तथा भाषा ज्ञान को प्रस्तुत किया। इस दौरान जूनियर ग्रुप से हिंदी लेखन में देवराज कुमार (कलाम हाउस) को प्रथम स्थान एवं अंग्रेजी में प्रिंस कुमार महतो (गांधी हाऊस) प्रथम स्थान मिला। जबकि सीनियर ग्रुप से अंग्रेजी में आर्यन कुमार (गांधी हाउस) और हिंदी में रीता कुमारी (कलाम हाउस ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रीति महतो ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपील की। जबकि निदेशक संतोष कुमार महतो ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभागी अपने लेखन कौशल को बेहतर बनाते है। प्रधानाचार्य सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि लेखन प्रतियोगिताएं अक्सर विजेताओं को पुरस्कार और मान्यता प्रदान करती हैं तथा प्रतिभागियों को प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## उपायुक्त से मिलकर बाल संरक्षण पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी



गोला (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने शनिवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने संस्था द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि अग्रगति संस्था बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और बाल शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर लंबे समय से कार्य कर रही है। संस्था द्वारा जागरूकता अभियान, बाल संरक्षण समिति का गठन, स्कूलों में बाल अधिकार पर कार्यशाला और रेलवे और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही आरपीएफ और चाइल्डलाइन 1098 के साथ मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्रिय है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा प्रकाशित बाल संरक्षण संबंधित पुस्तक उपायुक्त को भेंट की गयी।

## प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की जरूरत : रोशन लाल चौधरी



पतरातू (आजाद सिपाही)। वर्तमान समय में पूरे विश्व में पर्यावरण की स्थिति ठीक नहीं है। पूरे जीव जंतु के लिए खतरा की घंटी बज रही है।इसकी चिंता पूरा विश्व कर रहा है। इसलिए पर्यावरण की बेहतरी के लिए केवल वन विभाग ही नहीं, बल्कि सभी लोगों की जिम्मेवारी है। सभी को मांगलिक कार्यक्रम में जितना संभव हो उतना पौधे लगाने चाहिए, और उसकी देख रेख करना चाहिए। यह बाते स्थानीय विधायक रोशनलाल चौधरी ने ने कही। वे शनिवार को पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव के वन विभाग की सीमा पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मनाए जा रहे 76वे वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में डीएफओ नीतीश कुमार ने कहा कि झारखंड के लोगों को पौधे लगाने एवं इसके सुरक्षा करने की बात बोलना बेमानी है। क्योंकि यह के लोग ये सब काम आजादी के पहले से ही जंगल बचाने के लिए वर्षों से करते आ रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड में वन क्षेत्र की भूमि में इजाफा हो रहा है। जिप सदस्य राजाराम प्रजापति ने प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधे लगाने के लिए लोगों से अपील की। वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर जंगल की रक्षा करना जरूरी है। मौके पर मुखिया गिरजेश कुमार पानों देवी पंसस अंजू कुमारी किशोर महतो, भुवनेश्वर ठाकुर, सरस्वती देवी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर पीवीयूएनएल के रविशंकर मुखोपाध्याय, राजेश डुंगडुंग, पुर्व मुखिया गंगाधर महतो अशोक पाठक अजय रवि ब्रजेश सिंह परमानंद राजीव, रामावतार राम, वन परिसर पदाधिकारी अनिल कुमार, उत्तम कुमार, विजेंद्र कुमार, संतोष शर्मा, शिवमंगल राम, ब्रजेश पांडा, शाकिर हुसैन, विकाश राम, उरांव, लगनू राम, शंकर राम, सुमित टोप्पो, कॉर्नेलियस टोप्पो, बबलू राम, रामकुमार प्रसाद, जिप सदस्य भोला तूरी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कोल कंपनी में कारगिल दिवस के अवसर पर राष्ट्र सर्वोपरि वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में शनिवार को कारगिल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध के 26वें विजय दिवस के अवसर पर कोल कंपनी भुरकुंडा निवासी कारगिलियन सूबेदार एचएन यादव द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित की गयी। इस अवसर पर शहीद वेदी पर देश के शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद शहीद परिवार के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ उपयुक्त फैज अक अहमद मुमताज, विशिष्ट अतिथि डीडीसी आशीष अग्रवाल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य (राज्य मंत्री स्तर) राजेश ठाकुर तथा झारखंड मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, कर्नल विवेक कुमार, बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, उप प्रमुख बविता पांडेय, सीपी संतन मुख्य रूप से मौजूद थें।

# रामगढ़ थाना परिसर से फरार युवक लापता, परिजनों ने किया हंगामा

- कांग्रेसी नेताओं ने युवक के साथ अप्रिय घटना करने का लगाया आरोप
- परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ थाना परिसर से फरार युवक गुड्डू उर्फ आफताब अंसारी लापता हो गया। पिछले 48 घंटे से उस युवक को ना तो किसी ने देखा और ना ही किसीने बात की। शनिवार को आफताब के परिजन सैकड़ो लोगों के साथ रामगढ़ थाना परिसर पहुंचे और जमकर बवाल काटा। उन लोगों ने पुलिस पर आफताब के साथ मारपीट करने और उसके साथ अप्रिय घटना करने का आरोप लगाया है।



### मारपीट मामले में थाने लाया गया था आफताब : एसडीपीओ

रामगढ़ थाने में हो हंगामा को शांत करने के लिए एसपी अजय कुमार ने पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी को जिम्मेदारी सौंपी। रामगढ़ थाना पहुंचे एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने पूरे मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को आर्सी गारमेंट दुकान में आफताब के साथ मारपीट की गई थी। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुलिस उसे रामगढ़ थाने लेकर आई थी। उसे ना तो हाजत में रखा गया था और ना ही उसके साथ कोई ज्यादती हुई। वह थाने के सिरिसता में ही मौजूद था। 24 जुलाई की दोपहर वह यहां के संतरी और सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया है। इस मामले में तीन-चार बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस पदाधिकारी की लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

**आफताब की पत्नी ने रामगढ़ थाने में दिया आवेदन :** इस मामले में आफताब की पत्नी सालेहा खातून ने रामगढ़ थाने में एक आवेदन भी दिया है। चितरपुर प्रखंड के लारीकला गांव निवासी सालेहा ने बताया है कि उसका पति रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार स्थित आर्सी गारमेंट में काम करता था। 23 जुलाई को उसके पति के विरुद्ध रामगढ़ थाने में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ था। उसी दिन लगभग 3:00 बजे एक आई-10 कार से कुछ लोग दुकान में पहुंचे और घुसकर उसके पति के साथ मारपीट की। उसे घसीटते हुए दुकान से बाहर निकाला गया और कई लोगों ने आफताब को बेदर्दी से पीटा। इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और उसके पति को थाने ले गयी। 24 जुलाई को 11 बजे तक उसका पति रामगढ़ थाने परिसर में ही उपस्थित था। जिसका गवाह भुरकुंडा निवासी अरुण गोयल है। उसके बाद आफताब के बारे में कोई खोज खबर नहीं मिली।

**आदिवासी युवती ने आफताब पर लगाया था यौन शोषण का आरोप :** आफताब अंसारी पर भाषण थाना क्षेत्र के रहने वाली एक आदिवासी महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। उसने पुलिस को बताया था कि शहर के चट्टी बाजार स्थित आर्सी गारमेंट दुकान में नौकरी दिलाने के नाम पर आफताब ने उसे रामगढ़ बस स्टैंड के पीछे एक होटल में बुलाया। जहां उसने बहला फुसलाकर उसके साथ यौन संबंध बनायें। इस दौरान आफताब ने उसका अश्लील वीडियो और फोटो भी निकाल लिया। होटल से निकलने के बाद आफताब ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू किया। इस दौरान उसने 50 हजार रुपए मांगे। पीड़िता ने कहा कि वह दुकान के मालिक को सारी बात बता देगी। उसने जब दुकान के मालिक से बात की तो वह भी बोला कि आफताब जो बोलता है वह करो। इसके बाद उससे वीडियो और फोटो डिलीट करने के नाम पर 10 हजार रुपये लिए। घटना की जानकारी के बाद महिला के परिजन कुछ लोगों के साथ 23 जुलाई को दुकान में मालिक से बात करने पहुंचे थे। इसी दौरान आफताब अंसारी के द्वारा उन्हें धमकी दी जाने लगी और फिर उन लोगों के बीच हाथापाई हुई।

**दुकान के मालिक ने भी रामगढ़ थाने में दिया आवेदन :** इस मामले में आर्सी गारमेंट दुकान के मालिक शमीम अंसारी ने भी रामगढ़ थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने पुलिस को कहा कि उसे लगातार धमकी दी जा रही है। शमीम अंसारी ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई को उसके दुकान में हिंदू टाइगर फोर्स के लोग घुसे और आफताब अंसारी को मारने पीटने लगे। इस दौरान पुलिस वहां पहुंची और आफताब अंसारी को थाने ले गयी।

### कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बाबूलाल मरांडी पर साधा निशाना

इस पूरे प्रकरण में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर भी पहुंचे। उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, शहजाद खान, तारिक अनवर, पंकज तिवारी, बलजीत सिंह बेदी शहीद कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। शहजाद अनवर ने कहा कि एक संगठन बनाकर कुछ लोगों के द्वारा सामाजिक विद्वेष फैलाया जा रहा है। इस विद्वेष को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी पीछे नहीं है। उन्होंने रामगढ़ थाने के एक छोटे से मामले में बिना जांच किए ही सोशल मीडिया पर पुलिस की हरकतों को उजागर कर दिया। आज जिस युवक के बारे में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने की बात की गई है, वह पुलिस की लापरवाही का शिकार हो गया। उसका पूरा परिवार पीड़ित है। इस तरह की ओछी हरकत समाज को तोड़ने का काम करती है। उन्होंने रामगढ़ पुलिस पर भी लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ पुलिस प्रशासन इस मामले में तत्काल उस युवक को तलाश कर सबके सामने हाजिर करें। जब तक प्रशासन आफताब को सामने लेकर नहीं आती है लोग आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

### पुलिस ने जारी किया सीसीटीवी फुटेज

इधर पुलिस ने एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। पुलिस ने बताया कि आफताब थाने में तैनात कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। जो सीसीटीवी फुटेज उसे भागते स्पष्ट देखा जा सकता है।

### रामगढ़ थाना प्रभारी और ओडी पदाधिकारी सस्पेंड

थाना से फरार आफताब अंसारी के मामले में आइजी के निर्देश पर एसपी अजय कुमार ने रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह को लाइन क्लोज कर दिया है। जबकि ओडी पदाधिकारी सलीमुद्दीन खां को निलंबित कर दिया है। वही प्रहरी संत्री में तैनात गृहरक्षक अजय करमाली और नीमा चंद्र महतो को रामगढ़ थाना से सेवा मुक्त कर दिया गया है । साथ ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह पर अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

# छात्राओं ने कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षक पर अमानवीय व्यवहार का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

लावालौंग / चतरा। लावालौंग स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नवमी कक्षा की छात्रा धनवंती ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में उसकी पिटाई की गयी। इससे उसकी कनपटी में गंभीर चोट लगी है। वह घर में रहकर इलाज करा रही है। धनवंती मंधनिया पंचायत की गड़यानी गांव की रहने वाली है। वह इतनी डरी है कि फिर से स्कूल नहीं जाना चाहती है। धनवंती ने बताया कि पिछले शनिवार की सुबह वह विद्यालय प्रवास में ब्रश कर रही थी। तभी कंचन मैडम आई और उसकी कनपटी पर जोरदार तमाचा मार दिया। तमाचा इतना तीव्र था कि वह चक्कर खाकर वहीं बैठ गयी। इसके बाद से उसके कान और कनपटी में लगातार दर्द बना हुआ है। धनवंती ने बताया कि उसने किसी तरह अपनी मां को सूचना देकर बुलाया और विद्यालय से निकलकर इलाज कराया। जिसमें लगभग पांच हजार रुपये खर्च हुए। उसने आगे बताया कि विद्यालय में छात्राओं को भोजन भी पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया जाता है। सुबह और रात में केवल दो-दो रोटियां दी जाती हैं, जबकि दोपहर में चावल दिया जाता है। खास बात यह है कि खाना भी छात्राओं से ही बनवाया जाता है। रसोइया केवल भोजन वितरण करती है। राशन की कमी के कारण कई बार दर्जनों छात्राओं को भूखे पेट रहना पड़ता है। धनवंती की मां ने बताया कि जब उनकी बेटी ने विद्यालय वापस जाने से मना कर दिया तो वह टीसी लेने स्कूल गयी। वहां कुछ छात्राओं ने गुप्त रूप से एक आवेदन दिया और कहा कि इसे केवल थाने तक पहुंचा दें। उस आवेदन में लिखा है कि हमलोगों के साथ विद्यालय में अमानवीय व्यवहार किया जाता है, कृपया हमें यहां से मुक्त कराया जाये।



# गया रोड, धनबाद रोड और गोलंबर की होगी मरम्मत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरही। बरहीवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आयी है। बरही गया रोड और धनबाद रोड की जर्जर स्थिति को देखते हुए दोनों सड़कों का मरम्मतीकरण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग की ओर से निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है और कार्य जल्द ही धरातल पर उतरने वाला है। इसी क्रम में शनिवार को भारी बारिश के बीच बरही विधायक मनोज कुमार यादव एवं हजारीबाग उपायुक्त शशिप्रकाश सिंह ने बरही चौक, गया रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों पर बने गड्ढों और जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये।



विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही चौक स्थित गोलंबर का भी मरम्मतीकरण किया जायेगा, जिसकी निविदा भी जारी कर दी गयी है। साथ ही कहा कि बरही क्षेत्र में बुनियादी संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। बरही गया रोड और धनबाद रोड की हालत लंबे समय से खराब थी। अब मरम्मतीकरण के माध्यम से इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त शशिप्रकाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने बरही चौक की यातायात व्यवस्था और जल निकासी को भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बीडीओ जयपाल महतो, बेन्दगी

# डीडीसी ने भवन विहीन केंद्रों के लिए दस दिनों के अंदर भूमि प्रतिवेदन भेजने का दिया निर्देश

- डीडीसी ने प्रखंड सह अंचल का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। जिला उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने शनिवार को मांडू प्रखंड सह अंचल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम बाल विकास परियोजना पहुंचकर सीडीपीओ शैलबाला से प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में निरीक्षण की अद्यतन स्थिति, भवन विहीन केंद्रों के लिए अविलंब स्थल चिन्हित करने और सीओ से समन्वय स्थापित कर दस दिनों के अंदर भूमि प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। साथ ही महिला पर्यवेक्षक को नियमित केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत डीडीसी ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित सीओ विमल कुमार सिंह को समय सीमा पर दाखिल खारिज समेत अन्य भूमि संबंधित मामले को शीघ्र निष्पादन करने की बात कही। वहीं डीडीसी ने प्रखंड के मनरेगा, आवास योजना कार्यालय समेत सभी विभागों का निरीक्षण कर बीडीओ रितिक कुमार को प्रखंड परिसर में कैंटीन खुलवाने का निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गोविंदपुर स्थित महिला ग्रुप के द्वारा निर्मित कास्य बर्तन का अवलोकन कर इसकी सराहना की। इसके पश्चात डीडीसी श्री अग्रवाल ने मनरेगा द्वारा संचालित मुरपा स्थित आम बागवानी और आदिम जनजाति के लिए जन मन आवास योजना का निरीक्षण किया। मौके पर बीपीओ विजय कुमार, प्रखंड समन्वयक शेखर कुमार, कमल साव, दीपक कुमार, उमेश कुमार, श्रवण कुमार समेत प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी मौजूद थे।



## प्रतिभा सम्मान समारोह है क्षेत्र का गौरवान्वित पल : डॉ शाहनवाज खान

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था बुद्धिजीवी मंच के सचिव डॉ शहनवाज खान ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि 27 को नया नगर बरकाकाना स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सम्मान समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। सचिव डॉ खान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैक बोर्ड के मध्यम परिवार के बच्चों का मनोबल बढ़ाने के मकसद से सम्मान समारोह आयोजित की जा रही है, जिसमें क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों के टॉप टेन छात्रों को सम्मानित किया जायेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई: निविदा सूचना सं. एस.जी. 664–14–संकेत–2025–26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम :** हजारीबाग टाउन और कंसार नवादा के बीच आईबीपी का प्रावधान हेतु। **2. कार्य का आकलित मुल्य :** ₹ 2,26,16,020.36 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 2,63,100.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 13.08.2025 (12:00 बजे)। **5.** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, धनबाद**

**पीआर/0660/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25–26/32**


# डीएवी स्पोर्ट्स में आरा की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा (कुजू) प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स का भव्य समापन किया गया। समापन पर बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी मार्क्स हेंब्रोम, कलस्टर हेड निदेशक जीएन खान, कुजू ओपी के सब इंस्पेक्टर आशीष गौतम शामिल रहे। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने आगत अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर खेल पदाधिकारी मार्क्स हेंब्रोम ने कहा कि स्पोर्ट्स कार्यक्रमों में बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। वहीं, डॉ जीएन खान ने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। जबकि सब-इंस्पेक्टर आशीष गौतम ने कहा कि खेल में कैरियर की असीम संभावनाएं हैं।




कलस्टर पांच के तहत डीएवी स्पोर्ट्स में डीएवी आरा को ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-17 (बालक वर्ग) में डीएवी आरा ने भंडारीदह को फाइनल में हराकर विजेता बना। जबकि अंडर 17 (बालिका वर्ग) कबड्डी में डीएवी आरा ने कथारा को हराकर विजेता बना। वहीं, अंडर -17(बालक वर्ग) क्रिकेट का फाइनल में डीएवी आरा ने ढोरी को 9 रनों से पराजित कर चैंपियन बना।

इधर, अंडर-19 (बालक वर्ग) कबड्डी में डीएवी कथारा ने ढोरी को पराजित खिताब अपने नाम किया। वहीं, अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम समेत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन खुशबू दुबे और धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षक देवेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## जेपीएससी परीक्षा में चतरा के पांच अभ्यर्थियों को मिली सफलता



चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जिले के पांच होनहारों ने सफलता का परचम लहराया है। इन युवाओं ने न केवल अपने माता-पिता का सपना पूरा किया, बल्कि पूरे जिले को भी गौरवान्वित किया है। प्रशासनिक सेवा में अपनी दमदार प्रदर्शन करने वालों में चतरा शहर के लाइन मुहल्ला निवासी अमरदीप राज ने डीएसपी के पद पर सफलता पायी है। रैंक 26 प्राप्त कर अमरदीप राज ने जिले को गौरवांवित किया है। अमरदीप, अशोक साहू के सुपुत्र हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय अपनी माता के संघर्ष और अपनी मेहनत को दिया। दूसरी सफलता सिमरिया प्रखंड के कसारी गांव के खुर्शीद अंसारी को मिली है । उन्होंने प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 78 वां रैंक हासिल की है, और यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं। तीसरी पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह गांव निवासी प्रियंका भारती को मिली। ये बीडीओ पद के लिए चयनित हुई हैं। प्रियंका, विशेश्वर कुशवाहा की पुत्रवधू हैं और उन्होंने महिलाओं के लिए प्रेरणा का नया उदाहरण पेश किया है। चौथी सफलता इटखोरी के लेम्बोडी गांव निवासी सुरेश रविदास के सुपुत्र ने भी बीडीओ पद के लिए चयनित होकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। पांचवी सफलता सदर प्रखंड के ग्राम रक्सी निवासी मोहम्मद नदीम के सुपुत्र तजईन साकिब ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले की प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर रखा है। छठी सफलता शहर के रहने वाले विजय अग्रवाल के सुपुत्र विशाल कुमार अग्रवाल ने जेपीएससी की परीक्षा मे 173 वां स्थान लाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है।


**पूर्व तट रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.CAOCRSPBBS-19-2025, दिनांक : 21.07.2025**

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के अधीन खोरधा रोड-पलासा मेन (Main) लाइन में इच्छापुरम-झाडुपुडि स्टेशन के बीच समपार सं.334 के बदले में रेलवे कि.मी.633/5-7 में रेलवे अंश के लिए रोड ओवर ब्रिज (ROB) 1X36.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 2X24.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर +4X18.75 मीटर T-बीम गर्डर (ब्रिज प्रॉपर) का निर्माण।

**कार्य का अनुमानित लागत (रुपये में) :** 5782 लाख, EMD(रुपये में) : 30,41,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22.08.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B,G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/भुवनेश्वर

PR-67/CI/25-26

# मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अभियान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। यूएस की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचायेगी।

**फिर निशाने पर भारत :** अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। एक एआइ समिट में उन्होंने कहा कि हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनायीं। भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...। कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25% टैरिफ लगा दिया जायेगा।

**काबिलियत को जगह :** ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनायें भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने अपनी काबिलियत के दम पर जगह बनायी है।

**अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खास कर भारत की, ने मिल कर इस इंडस्ट्री को सींचा है।**

**इकॉनमी के इंजन :** पिछले साल की एक रिसर्च के मुताबिक, सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गयी थी। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। इसी तरह, अमेरिका की आबादी में बमुश्किल 1.5% होने के बावजूद भारतीय 5-6% इनकम टैक्स अदा करते हैं।

**विकास में योगदान :** अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खास कर भारत की, ने मिल कर इस इंडस्ट्री को सींचा है। इलॉन मस्क की टेस्ला को जब ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर में सफलता मिली, तो उन्होंने भारतीय मूल के एक रोबोटिक्स इंजीनियर अशोक एल्लुस्वामी का ही नाम पहले लिया था।

**कहां से लायेंगे लोग :** ट्रंप उस वैश्वीकरण को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका को ही हुआ है। उनके पास इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने लायक वर्कफोर्स नहीं है। भारत के बिना उनका टअॠअ पूरा नहीं हो सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सर्वाइकल कैंसर विश्व स्तर पर महिलाओं में होने वाले कैंसर में चौथा सबसे आम प्रकार है। इसकी गंभीरता को देखते हुए, भारत सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग अभियान चला रही है। हाल ही में, एएनआइ की रिपोर्ट के अनुसार, इन योजनाओं के तहत देश भर में 10.18 करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच की गयी है।**

# 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की हुई सर्वाइकल कैंसर जांच

शिखर बरनवाल

सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। यह विश्व स्तर पर महिलाओं में होने वाले कैंसर में चौथा सबसे आम प्रकार है। इसकी गंभीरता को देखते हुए, भारत सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग अभियान चला रही है। हाल ही में, एएनआइ की रिपोर्ट के अनुसार, इन योजनाओं के तहत देश भर में 10.18 करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच की गयी है।

यह आंकड़ा इस बीमारी के व्यापक प्रसार और इसकी शुरुआती पहचान के महत्व को रेखांकित करता है। कैंसर के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को इससे बचाव के उपाय करते रहने चाहिए। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि सर्वाइकल कैंसर क्या है? इसके लक्षण क्या हैं साथ ही इसके बचाव के तरीके क्या हो सकते हैं?



**देखा जाये तो सर्वाइकल कैंसर एक बड़ा खतरा है, इसलिए सभी महिलाओं के लिए इससे बचाव के तरीके जानना बहुत जरूरी है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर के जोखिम को काफी कम कर सकती है। इसके अलावा, यौन संबंध के दौरान सफाई और सुरक्षात्मक उपायों का खास ध्यान रखें।**

## क्या है सर्वाइकल कैंसर?

**सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से में विकसित होता है और योनि से जुड़ता है।**

सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से में विकसित होता है और योनि से जुड़ता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण है। यह एक यौन संचारित संक्रमण है, जिसका मतलब है कि यह यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि, हर एचपीवी संक्रमण कैंसर का कारण नहीं बनता। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अक्सर वायरस से लड़ कर उसे खत्म कर देती है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले एचपीवी प्रकार यदि शरीर में लंबे समय तक बने रहें, तो वे गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में असामान्य बदलाव ला सकते हैं, जो धीरे-धीरे कैंसर में बदल जाते हैं। इस प्रक्रिया में आमतौर पर कई साल लगते हैं, जिससे शुरूआती लक्षण दिखने में समय लग सकता है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती चरणों में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। हालांकि जब लक्षण प्रकट होते हैं, तो उन पर ध्यान देना जरूरी होता है-

**असामान्य योनि से रक्तस्राव**

मासिक धर्म के बीच रक्तस्राव, यौन संबंध के बाद रक्तस्राव, या मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) के बाद रक्तस्राव। यह सबसे आम चेतावनी संकेत है।

**असामान्य योनि स्राव**

योनि से असामान्य, पानी जैसा, खून से सना हुआ, या दुर्गंध स्राव आना भी सर्वाइकल कैंसर का संकेत हो सकता है।

**पेल्विक दर्द**

पेट के निचले हिस्से या पेल्विक एरिया में दर्द होना, खासकर यौन संबंध के दौरान उस एरिया में दर्द होना सर्वाइकल कैंसर का संकेत हो सकता है। ये सामान्य लक्षण हैं, इसके अलावा जब कैंसर फैलने लगता है तो पेशाब या शौच के दौरान दर्द, पैरों में सूजन, वजन घटना, भूख न लगना, थकान जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण लगातार महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## सर्वाइकल कैंसर से निदान और इलाज

सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये कैंसर या कोशिकाओं के असामान्य विकास का पता लगाने में मदद करते हैं। यदि कोई लक्षण दिखते हैं, तो डॉक्टर पुष्टि के लिए एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाने की सलाह भी दे सकते हैं।

सर्वाइकल कैंसर का उपचार कई बातों पर निर्भर करता है, जैसे कैंसर किस स्टेज पर है या मरीज को कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या तो नहीं है। इन्हीं के आधार पर सर्जरी, रेडिएशन (विकिरण) या कीमोथेरेपी जैसी उपचार तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है।

## महिलाएं जरूर बरतें ये सावधानियां

देखा जाये तो सर्वाइकल कैंसर एक बड़ा खतरा है, इसलिए सभी महिलाओं के लिए इससे बचाव के तरीके जानना बहुत जरूरी है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर के जोखिम को काफी कम कर सकती है। इसके अलावा, यौन संबंध के दौरान सफाई और सुरक्षात्मक उपायों का खास ध्यान रखें।

कंडोम का उपयोग करना सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को बहुत हद तक कम कर सकता है। यदि आप धूम्रपान करती हैं, तो इसे तुरंत बंद कर दें, क्योंकि इससे सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**(नोटः यह लेख मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है। इसे पाठक की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।)**

# कोल्हान की खबरें

## भाजयुमो ने अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने के विरोध में पुतला फूंका



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर ने जुबिली पार्क गोलचक्कर के पास झारखंड सरकार का पुतला फूक कर विरोध जताया। शनिवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष नितीश कुशवाहा के। नेतृत्व में भाजयुमो नेताओं ने निर्णय को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान और जनभावनाओं का अपमान बताते हुए सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी यदि नाम परिवर्तन का फैसला रद्द नहीं हुआ तो युवा मोर्चा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा।मौके पर डॉ. राजीव कुमार, जटाशंकर पांडेय, निशांत कुमार, अमिताभ सेनापति, सागर राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला महाविद्यालय के एनसीसी इकाई और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार को प्राचार्य डॉ. पी.के. गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 और भाषण प्रतियोगिता में 15 छात्रों ने भाग लिया। भाषण का विषय रहा ३देशभक्ति के मायने३।कार्यक्रम का संचालन प्रो. इंदल पासवान ने की। निर्णायक मंडली में प्रो. सोमां सिंह, डॉ. कुमार विशाल और डॉ. कन्हाई बारिक शामिल रहे।मौके पर एनसीसी अधिकारी सहित सैकड़ो छात्रों व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सोनारी मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण गंभीर दुर्घटनाओं को दे रहा न्योता : सुधीर कुमार

**सोनारी शांति समिति की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा, पार्किंग और शौचालय की मांग, अवैध अतिक्रमण पर जताई गंभीर चिंता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सोनारी थाना शांति समिति की एक बैठक सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गयी। शनिवार को आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यगण, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी सहित क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी नागरिकगण उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गा पूजा की तैयारी और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक विचार विमर्श किया गया। मौके पर सभी ने सोनारी क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता जतायी। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया एयरपोर्ट चौक से लेकर कागलनगर, नर्स क्वार्टर तथा तहसीलदार चौक तक की सड़कों पर दुकानों, ठेले, वाहन पार्किंग और अवैध निर्माणों के कारण सड़कें अत्यंत संकीर्ण हो गयी हैं। सड़कों में आम जनता को होरही भारी परेशानी के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने जूस्को प्रबंधन और जिला प्रशासन से आग्रह किया इस तरह एयरपोर्ट चौक का सौंदर्यीकरण हुआ उसी प्रकार सोनारी क्षेत्र के अन्य प्रमुख चौकों और सड़कों का भी चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाये। साथ ही एरोड्रम बाजार चौक पर सूखे पेड़ों की डालियों को अविलंब कटाई की जाये, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

सुधीर पप्पू ने एयरपोर्ट बाजार और गुदरी बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग और शौचालय की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने जिला प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के पश्चात दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी और कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर जसवंत साहू, अशोक सिंह, प्रदीप लाल, त्रिभुवन यादव, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद ताहिर, विनोद यादव, विनय दुबे, डी बोस, सर्वेश प्रसाद, सतीश शर्मा, नारायण ससमल, प्रभात श्रीवास्तव, संजय रजक, अजय रजक, राकेश आदि उपस्थित रहे।

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने परिजनों को सौंपी सहायता राशि



**पोटका/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारी बारिश के बीच पोटका प्रखंड के मुकुंदासाई गांव में कच्चा मकान ढहने से एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। शनिवार को घटना की सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रशासन को त्वरित मुआवजा, राशन, वस्त्र और आबुआ आवास योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक श्री सरकार ने मृतक के परिजनों को नगद सहायता, वस्त्र और राहत सामग्री प्रदान की। इसके अलावा चाकड़ी पंचायत के बड़ा रामगढ़ गांव में 14 भेड़ों की मौत पर उन्होंने किसान होपना मार्डी को निजी खर्च से आर्थिक सहयोग दिया और प्रशासन को मुआवजा देने का निर्देश दिया। विधायक ने प्रशासन से आग्रह किया बाढ़ प्रभावितों को प्राथमिकता के आधार पर आबुआ आवास एवं अन्य योजनाओं का लाभ तत्काल दिया जाये।

## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक विजेता स्नेहा कुमारी को किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में ३कारगिल विजय दिवस३ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।शनिवार को कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।मौके पर उपस्तित हुए इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियन स्नेहा कुमारी ने छात्रों को प्रेरित किया। कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने स्नेहा कुमारी को 40 हजार की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया।कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने कहा स्नेहा ने हाल ही में थाईलैंड के पटाया में आयोजित 12वीं इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और झारखंड का नाम रोशन की। ऐसे होनहार छात्र को विश्वविद्यालय में सम्मानित कर गर्व महसूस हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण शामिल रहे।

## भालूबासा जंबू अखाड़ा समिति का भव्य सामूहिक जलाभिषेक यात्रा चार को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेदपुर के भालूबासा स्थित श्री श्री लिंगेश्वरनाथ मंदिर से जंबू अखाड़ा समिति द्वारा सावन माह में आयोजित होने वाले श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम एक बार फिर शहर वासियों को देखने मिलेगा। जंबू अखाड़ा समिति ने 4 अगस्त को होनेवाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा के लिए भव्य तैयारी शुरू कर दी।जलाभिषेक यात्रा का आयोजन प्रातः 7 बजे से 10:30 बजे तक होगी,जिसमें बड़ी संख्या में शहर व आस पास क्षेत्र से श्रद्धालु शामिल होंगे।इस धार्मिक यात्रा का एकत्रीकरण स्थल श्री श्री लिंगेश्वरनाथ मंदिर जम्बू अखाड़ा प्रांगण भालूबासा निर्धारित किया गया। जंबू अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने पुण्य कार्य में क्षेत्रवासियों एवं शिवभक्तों से सपरिवार भाग लेकर पारंपरिक भक्ति भाव के साथ शिवलिंग पर जलार्पण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## मजदूर की मौत पर हंगामा, परिजनों ने प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सोनी ऑटो एंड एलाइड इंडस्ट्रियल लिमिटेड यूनिट-3 में कार्यरत 40 वर्षीय मजदूर सर्वेश्वर महतो मौत के बाद परिजनों ने कंपनी गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने 15 लाख मुआवजा और एक आश्रित को स्थायी नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का आरोप है बीमार होने के बावजूद उचित इलाज नहीं मिलने से उनकी मौत हुई। वहीं कंपनी ने 1 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी देने की बात कही। इस मौके पर श्रम अधीक्षक, अंचल अधिकारी और पुलिस प्रशासन ने परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन मांगों पर कायम रहे।

## जुगसलाई विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री बांटी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी, इस्लाम नगर, हबीब नगर और शिव घाट का दौरा किया। शनिवार को विधायक ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का जायजा लिया।साथ ही बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया।विधायक ने अधिकारियों को सभी आवश्यक राहत कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान को गरीब नवाज कॉलोनी में स्विस गेट निर्माण और शिव घाट के स्विस गेट की मरम्मत का निर्देश दिया।विधायक ने कहा इस कठिन समय में हर व्यक्ति की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और सभी से सावधानी बरतने व प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

## जल जमाव और कीचड़ से परेशान होकर ग्रामीणों ने मुख्य पथ पर धान की रोपाई कर आक्रोश व्यक्त किया



मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के मुख्य पथ पर यूपीजी +2 हाई स्कूल के पास जल जमाव से परेशान होकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है, जहां दर्जनों महिला पुरुष सड़क पर उतरकर कीचड़ युक्त जल जमाव वाले मुख्य सड़क पर ही धान की रोपनी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में जल जमाव हो जाता है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। इधर इस संबंध में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुष्प रंजन ने बताया कि यह मुख्य सड़क होने के कारण अति व्यस्त सड़क है। इधर सड़क की दुर्दशाग्रस्त स्थिति को देखते हुए मुख्य सड़क पर महिला एवं पुरुषों ने धान रोपाई करते चंपा देवी, मानमती देवी, वींदा देवी, लक्ष्मी देवी, पनपत्ति देवी, रामदेव विश्वकर्मा, अजीत, सुरेंद्र, पिंटू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## 'शहीदों के नाम एक वृक्ष' कार्यक्रम का आयोजन



हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को ओपी परिसर में 'शहीदों के नाम एक वृक्ष' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण करते हुए ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी ने कहा कि यह ओपन विचार कार्यक्रम शहीदों की याद में समर्पित है। उन्होंने बताया कि परिसर में कई फलदार वृक्ष लगाए गए हैं, जो न सिर्फ पर्यावरण को संजीवनी देंगे, बल्कि शहीदों की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एस आई वीरेंद्र चौड़े एएसआई ललन कुमार एएसआई शंकरानंद सारस, हवलदार शिवलाल, आरक्षी पप्पू कुमार, आलोक कुमार जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। एमके इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत स्कूल परिसर में 20 पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ने बताया कि इको क्लब की गतिविधियां छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु कुमार सिंह, निदेशक मनीष कुमार सिंह ,प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज, मैनेजर रविंद्र शर्मा, संदीप सिंह प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, सौरभ यादव, मैडम अदृश्या, रेणुका सिंह तथा सभी शिक्षकों की उपस्थिति थे।

## उमवि मंझिगावां पूर्व का कांडी बीडीओ ने किया निरीक्षण



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझिगावां पूर्व का निरीक्षण बुधवार की सुबह 9:30 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक माहौल, शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों की संख्या की गहन समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है। उन्होंने शैक्षिक वातावरण बनाए रखने और अनुशासन में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि सैकड़ों बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है, ऐसे में सभी को जवाबदेह बनने की जरूरत है। प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि वे सभी शिक्षकों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

## धुरकी पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने बीते रात्रि दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। दोनों वारंटी का नाम विनोद पासवान पिता स्वर्गीय मुंद्रिका पासवान ग्राम रक्सी और लालचंद यादव पिता स्वर्गीय नाका यादव ग्राम धोबानी दोनों थाना धुरकी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था, जिसके आलोक में थाना प्रभारी जनार्दन राउत के द्वारा टीम गठित कर छापामारी की गयी। जिस क्रम में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे अपराधी या वारंटी अविलंब करें आत्मसमर्पण वरना होगी गिरफ्तारी।

# गढ़वा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का पुतला फूंका

### अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक रखे जाने का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। हेमंत सरकार ने कैबिनेट बैठक के दौरान अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक रखे जाने के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार का पुतला फुंका। जिसका गढ़वा सहित पूरे झारखंड में जोरदार विरोध किया जा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने किया।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी का देन है। झामुमो सरकार अटल क्लिनिक का नाम बदलना तुष्टिकरण मानसिकता को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा एडवांस नाम किस उद्देश्य से रखा गया झारखंड की जनता में काफी आक्रोश है। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार ने महापुरुष का अपमान किया है भारत रत्न पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड के जनक थे। अटल क्लिनिक का नाम बदलने पर जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाने संवारने का काम है वैसे महापुरुष के सम्मान में अटल क्लिनिक नाम दिया गया था, जिसे हेमंत सरकार ने मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक नाम रख कर कलंकित करने का काम किया है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार नाम बदलकर अपनी निम्न मानसिकता को उजागर कर रही है अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंडवासियों को उनका हक अधिकार देने का काम किया था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, विनोद चंद्रवंशी, उमेश कश्यप, बिनय चौबे, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीपी डीएवी में नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल चेस और योगा प्रतियोगिता संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल चेस एवं योगा की प्रतियोगिताएं शनिवार को संपन्न हुईं। यह आयोजन क्लस्टर लेवल का था, जो बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा में 25 और 26 जुलाई 2025 को हुआ।

**प्रतिभागियों की संख्या और वर्ग**

इस प्रतियोगिता में डीएवी हेहल, डीएवी सिमडेगा, डीएवी गुमला, डीएवी लातेहार, डीएवी लोहरदगा, डीएवी डालटेनगंज, डीएवी सिल्ली, डीएवी खलारी और डीएवी गढ़वा सहित कुल दस टीमों के लगभग 350 प्रतिभागी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका एवं बालक वर्ग में शामिल हुए थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आप सबके लिए ये कामना करता हूं कि आप राज्य में भी जीतें और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने जाएं, जिससे कि आप अपने विद्यालय, अपने माता-पिता और समाज को गर्वान्वित महसूस करा सकें।

इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा जी को मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व 25 जुलाई को इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपयुक्त दिनेश कुमार यादव के द्वारा किया गया था। मौके पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक अलख नाथ पांडेय, संजय सोनी, निदेशक, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल, मदन प्रसाद केशरी, निदेशक, जीएन कॉन्वेंट स्कूल, और डॉ पतंञ्जलि केशरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट: भवनाथपुर अंडर-14 और हेहल रांची अंडर-19 क्रिकेट वर्ग में विजयी




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 क्लस्टर लेवल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों का आयोजन हुआ। अंडर-14 बालक वर्ग के क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच में डीएवी भवनाथपुर ने डीएवी हेहल को आठ विकेट से पराजित कर विजेता बनी। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में हेहल रांची ने सिमडेगा को 62 रनों से हराकर विजेता बनी। मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार डीएवी भवनाथपुर के अर्णव कुमार सिंह जबकि हेहल रांची के रिशु पांडेय को दिया गया। खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने हेतु भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से यदि खिलाड़ी अभ्यास करें, तो भविष्य में झारखंड से एक और महेंद्र सिंह धौनी जैसा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकल सकता है। इस मौके पर ओपी सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय राय भट्ट, जेके तिवारी, शौकत अली, अनिल द्विवेदी, प्रवीण पांडेय सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## बकरी चराने गयी युवती के साथ मारपीट, हाथ टूटा



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जनेवा गांव में बकरी चराने को लेकर एक 20 वर्षीय युवती के साथ निर्ममता से मारपीट की गयी। घटना में युवती का बायां हाथ टूट गया है। परिजनों ने गांव के ही चार से पांच लोगों पर डंडा, लाठी से पीट-पीट,कर घायल करने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीता कुमारी, पिता रामस्वरूप सिंह, रोज की तरह गांव के समीप बकरी चरा रही थी। इसी दौरान फसल में बकरी घुसने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते सहदेव सिंह, मनरूप सिंह, बालरूप सिंह, टीपू सिंह और अरुण राम ने मिलकर रीता कुमारी पर डंडे और लाठी से हमला कर दिया और उसे जमीन पर पटक-पटक कर मारा। इस हमले में रीता गंभीर रूप से घायल हो गयी और उसका बायां हाथ टूट गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में उसे भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पीड़िता द्वारा भंडरिया थाना को लिखित आवेदन दी गयी है, थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा ने बताया कि पीड़िता द्वारा मारपीट की घटना की आवेदन दी गयी है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में इको क्लब का हुआ गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव, गढ़वा में ईको क्लब का गठन किया गया। इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने एवं उसकी सुरक्षा करने तथा विद्यालय प्रांगण को हरा भरा बनाने में उनका योगदान सुनिश्चित करना है इस क्लब के सदस्य हैं अरुण कुमार यादव, पलक सिंह, अविनाश कुमार गुप्ता, शगुन विश्वकर्मा, सुमित कुमार, अनन्या वर्मा, केतन सिंह, जिया पांडे, कुमारी श्रेयांशी, प्रिंस शर्मा, असज्द अली हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केआर झा ने इको क्लब के चयनित सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक कराया, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें, उन्हें सुरक्षित करें तथा दूसरे को भी प्रेरित करें। इसका उद्देश्य सरकारी योजना -'एक पेड़ मां के नाम' को सफल बनाना है। इस क्लब के संरक्षक विद्यालय के प्राचार्य केआर झा, अध्यक्ष नोडल शिक्षक राकेश कुमार प्रजापति और सचिव बाल संसद के पर्यावरण मंत्री कक्षा 10 ए के अरुण कुमार यादव हैं। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर के पब्लिक स्कूल में शनिवार को कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके अदम्य साहस व बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि हर साल 26 जुलाई को भारत कारगिल विजय दिवस मनाता है। चारों हाउस के प्रतिभागियों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि हमारा स्कूल शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। इस अवसर पर अनुप कुमार पांडेय, अनिता सिन्हा, देवेंद्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, गीता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, श्वेता समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के टंडवा नारायणपूर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आज द्वितीय आवधिक मूल्यांकन PA-II का परिणाम घोषित किया गया। इसके तहत शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय की प्रशंसा की। परिणाम घोषित होने के बाद कई अभिभावकों ने प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंदरुडू से भी मिले। प्रधानाचार्य ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इतना अच्छा परिणाम आप के पूर्ण सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हम और हमारा विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगिण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा विद्यालय गढ़वा का एकमात्र विद्यालय है जो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। निरंतर हम इसे विकसीत करने में लगे हैं। हमारा विद्यालय बच्चों के बौद्धिक शारिरिक, मानसिक एवं क्षमता को बढ़ाने के लिए अग्रसर रहा है। मुझे विश्वास है कि यह विद्यालय गढ़वा वासियों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में विद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# जेपीएससी में तेजस्वी ने पायी सफलता, श्री बंशीधर नगर में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2023 के घोषित परिणाम में गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के होनहार तेजस्वी कुमार जायसवाल ने राज्य में 23वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा की नयी मिसाल कायम की है। तेजस्वी जायसवाल वीरेंद्र प्रसाद जायसवाल के बड़े पुत्र हैं। उनका यह सफर साधारण शुरूआत से असाधारण मुकाम तक पहुंचने की गाथा है। तेजस्वी की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती ज्ञान मंदिर और मिडिल स्कूल नगर ऊंटारी से हुई। उन्होंने हाई स्कूल नगर ऊंटारी से मैट्रिक परीक्षा में 75% अंक प्राप्त किए और यहीं से इंटर की पढ़ाई भी पूरी की। इसके बाद उन्होंने रांची से डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग किया और फिर बीआईटी सिंदरी, धनबाद से बीटेक की डिग्री हासिल की।

**नेवी से मिली प्रेरणा, यूपीएससी से शुरू हुआ सफर :** तेजस्वी जायसवाल बताते हैं कि उनके छोटे भाई पृथ्वीराज जायसवाल का 2018 में इंडियन नेवी में चयन हुआ, जिससे उन्हें गहरी प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएसी की तैयारी शुरू की, लेकिन बाद में पूरी लगन से जेपीएससी की ओर ध्यान केंद्रित किया।

हालांकि पहली बार में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ




दूसरी बार में उन्होंने राज्य स्तर पर 23वां स्थान हासिल कर लिया। तेजस्वी जायसवाल ने बताया कि वे प्रतिदिन 6 से 8 घंटे पढ़ाई करते थे।

**सिस्टम की खामियों ने बढ़ाई बदलाव की आग :** पत्रकारों के एक सवाल पर जवाब में तेजस्वी ने कहा कि जब वे अपने किसी कार्य के लिए ब्लॉक कार्यालय जाते थे, तो उन्हें बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। गरीब और असहाय लोगों को दर-दर भटकते देखकर उनके मन में सवाल उठता था–'क्या प्रशासन में संवेदना की कोई जगह नहीं?' इसी सवाल ने उन्हें प्रशासनिक सेवा में आने की प्रेरणा दी और आज वे उस मुकाम पर हैं। तेजस्वी ने कहा, संघर्ष से घबराइए मत, वो आपको आगे बढ़ने की ताकत देता है। मेहनत करें, लगातार करें– सपने जरूर पूरे होंगे।

**जिले भर में खुशी की लहर, घर पर लगा बधाइयों का तांता :** तेजस्वी की सफलता की खबर फैलते ही श्री बंशीधर नगर में खुशी की लहर दौड़ गयी। दोस्त, रिश्तेदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं।

## साकेत ने जेपीएससी परीक्षा में मिला 124वां रैंक


साकेत तिवारी।

बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड अंतर्गत कुंद्रा गांव निवासी साकेत तिवारी को जेपीएससी की प्रतियोगिता में 124वां रैंक प्राप्त हुआ है। उन्हें झारखंड सेवा क्लास दो के अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर साकेत कुमार तिवारी ने कहा कि वह सिविल सेवा की तैयारी अपने खुद की ज्ञान से किया तथा उन्होंने दूसरे परीक्षार्थियों के लिए भी यह कहा कि आपके ज्ञान के साथ आपके घर और गंभीरता का भी परीक्षण है। उन्होंने कोचिंग और विज्ञापनों के पीछे भागने से सख्त मना किया। उनका मानना है कि सफलता आप तभी प्राप्त करेंगे, जब स्वतंत्र पढ़ेंगे। उन्होंने तैयारी करने वाले बच्चों को कहा कि आज के समय में सारे ठीक आसानी से उपलब्ध है। इंटरनेट का भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने पैटर्न को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई जारी रखने को कहा।

## कांडी के दो युवकों की जेपीएससी में सफलता पर पूरे प्रखंड में खुशी


कांडी सचिन कुमार।

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में जेपीएससी की परीक्षा में कांडी के दो होनहार युवकों ने परचम लहराया है। प्रखंड के सुंडीपुर निवासी राहुल सिंह ने 133 वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि प्रखंड अंतर्गत अधौरा गांव निवासी मानदेव राम के छोटे पुत्र सचिन कुमार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेपीएससी) परीक्षा में 164वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। सचिन तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनके बड़े भाई मृत्युंजय कुमार ने वर्ष 2015 में यूपीएससी परीक्षा पास की थी और वर्तमान में चेन्नई में पदस्थापित हैं। सचिन की एक बहन भी है, जिसकी शादी हो चुकी है। सचिन के पिता मानदेव राम सीसीएल खलारी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सचिन शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा खलारी में हुई, 2010 में मैट्रिक, डीएवी रांची से इंटरमीडिएट और 2015 में रांची कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में सचिन कुमार हरिहरगंज, पलामू में राजस्व निरीक्षक (रेवेन्यू इंस्पेक्टर) के पद पर कार्यरत हैं। उनके इस उपलब्धि पर परिवारवाले खलारी में रहते हुए बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सचिन की सफलता पर शिवपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नंद कुमार राम, शिक्षक राम लखन राम, पूर्व मुखिया जय किशुन राम, मोती राम सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए क्या करें।

- हाथी के आने की सूचना निकटवर्ती वन कर्मचारियों को तुरंत दें।
- हाथी द्वारा कान खड़े कर, सूँढ़ उपर उठाकर आवाज देना इस बात का संकेत है कि वह आप पर हमला करने जा रहा है। अतः तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जायें ।
- अगर हाथी रात में या दिन में गांव में आ जाता है तो मशाल के साथ कम से कम दस लोग एक साथ मिलकर ढोल या टीना पीटकर हाथी भगाने का प्रयास करें। इस प्रक्रिया मे भी हाथी के बहुत नजदीक न जायें। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में रात्रि में दल बनाकर मशाल के साथ पहरा दें।
- अगर मचान बनाकर खेत की रखवाली करनी हो, तो मचान उंचा बनावें, विशेषकर उसे ऊँचे, मजबूत पेड़ के उपर बनाये और उसके नीचे जमीन पर लकड़ी से आग जलाये रखें।
- हाथी से यदि सामना हो जाये तो तुरंत उसके लिए रास्ता छोड़ें। पहाड़ी क्षेत्रों में सामना होने की स्थिति में पहाड़ी के ढलान की ओर दौड़ें, उपर की ओर नहीं। सीधे न दौड़कर आड़े–तिरछे दौड़े। कुछ दूर दौड़ने पर गमछा, पगडी, टोपी अथवा कोई वस्त्र फेंक दें ताकि कुछ समय तक हाथी उसमें उलझा रहे और आपको सुरक्षित स्थान में पहुंचने का मौका मिल जाए।
- हाथियों में सुंघने की शक्ति अत्यधिक प्रबल होती है। अतः हाथी को भगाने के क्रम में हवा की दिशा का ध्यान रखें।
- गर्भवती हथिनी अथवा नवजात शिशु के साथ होने पर हथिनी या उसके झूण्ड को भगाने का प्रयास न करें। उसे थोड़ा समय दें।
- घर एवं खलिहान के चारों ओर गोईठा, लकड़ी आदि का अलाव जलाकर उसमें लाल मिर्च जलायें। मिर्च की गंध से हाथी निकट नहीं आएगा।

जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए क्या न करें।

- हाथियों को छेड़े नहीं, विशेष कर उनपर पत्थर, तीर, जलता हुआ टायर आदि फेंककर प्रहार न करें। जख्मी होने पर हाथी उग्र रूप धारण कर जन और धन को क्षति पहुंचा सकते हैं।
- हाथी जिस जंगल में हों उस क्षेत्र में चारा, जलावन एकत्र करने नहीं जाएं।
- हाथियों को अनाज अथवा अन्य कोई खाद्य सामग्री न दें, क्योंकि इससे उनकी खाद्य सामग्री के प्रति रूचि बढ़ेगी एवं इस कारण वे मकानों को तोड़कर खाद्य सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं।
- हाथी के चारों ओर कौतूहलवश भीड न लगायें। हाथियों की चलने/दौडने की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। अतः हाथी से कम से कम 300 गज की दूरी बनायें रखें। बच्चों, स्त्रियों एवं वृद्धों को कभी भी हाथी के समक्ष नहीं जाने दें।
- हाथी को देखकर पूजा या प्रणाम करने के उद्देश्य से भी उनके पास नहीं जायें। हाथियों के भगाने के क्रम में श्वेत वस्त्र या लाल वस्त्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए। यह रंग उन्हें चिड़चिड़ा बनाता है।
- क्षेत्र में जबतक हाथी रहें, तबतक हड़िया या देशी शराब नहीं बनायें। इनका भंडारण भी न करें । हाथी शराब की ओर आकर्षित होते हैं आर प्राप्त करने के उद्देश्य से वे घरों को क्षति पहुंचाते हैं।
- हाथी प्रभावित क्षेत्र में जिस कमरे में अनाज का भंडारण हो उसमें न सोयें।

निवेदक :
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमंडल

PR 358257 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

## सड़क परियोजना के लिए बिंदेश्वर उरांव के पत्र का लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जनजातीय बहुल क्षेत्र में सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, बिंदेश्वर उरांव प्रदेश महामंत्री, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं शिक्षाविद द्वारा पत्र के माध्यम से भेजे गए प्रस्ताव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सकारात्मक रूप से संज्ञान में लिया है। 22 जुलाई 2025 को एनएचएआई की परियोजना कार्यान्वयन इकाई, गुमला द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि श्री उरांव द्वारा सुझाया गया मार्ग खूंटी, कर्रा, बेड़ो, चट्टी, भंडरा, लोहरदगा, पेशरार, लातेहार होते हुए पलामू तक क्षेत्रीय विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। यह मार्ग न केवल जनजातीय क्षेत्रों को जोड़ने में सहायक होगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, आपात सेवा, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में नए द्वार खोलेगा। प्राधिकरण के पत्र के अनुसार यह मार्ग एनएच 143 एजी एवं एनएच 39 को जोड़ते हुए जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। प्रस्तावित सड़क रांची आउटर रिंग रोड और रांची-वाराणसी कॉरिडोर को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग बन सकता है। इससे अमरेश्वर धाम, साईं मंदिर बेड़ो, लतरातू डैम, नेतरहाट जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच में सुविधा होगी। बिंदेश्वर उरांव ने इस पत्र को जनहित की जीत बताया। उन्होंने कहा की यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि हमारे गांवों, हमारे युवाओं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के सपनों को जोड़ने वाली विकास-धारा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं एनएचएआइ का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने हमारी आवाज को सुना और क्षेत्र की वास्तविक जरूरत को समझा।

## मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने मनरेगा योजना को सफल संचालित को लेकर मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह, कनीय अभियंता संजय कुमार, शनि कुमार सिंह और सहायक अभियंता प्रभाकर मनी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन को लेकर कई अहम दिशा निर्देश दिये, उन्होंने आगामी 31 जुलाई तक पीडी जेनरेशन शत प्रतिशत करने, अधिक से अधिक मजदूरों को सौ दिन का काम उपलब्ध कराने, करीब 326 एकड़ जमीन पर बागवानी में गड्ढे खुदाई कार्य पुरा करने एवं सभी सरकारी भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग योजना के तहत स्कूलों और आंगनबाडी केंद्र परिसर में पोषण वाटिका लेने को लेकर निर्देशित किया गया। मौके पर मो आलम अंसारी, ओरंजेब खान, सतेंद्र उरांव, अरविंद कुमार, त्रिवेनी राम, मनीष शर्मा, सुदेश्वर सिंह, शुशीला करकेटा, कंचन कुमार, विजय कुमार, जीतेन्द्र रजक समेत अन्य रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल ने फलदार पौधे का किया वितरण



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पीवीयूएनएल कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा ग्राम पंचायत चेतर में 300 उच्च किस्म के फलदार वृक्षों के पौधों आम, अमरूद, लीची, एवं चीकू का वितरण परियोजना प्रभावित परिवारों बीच किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार सेहगल, संगीता दास, जियाउर रहमान एम चंद्रशेगर, डॉ आरबी सिंह अपर महा प्रबंधक (खनन, भू अर्जन/ पुनर्वास सिद्धार्थ शंकर अमरेश चंद्र राउल विनेश कुमार, संजय कुमार, अमित द्विवेदी, अबीरलाल नाथ एवं कुमारी पूजा कुमारी, प्रकाश सिंह, मुखिया ग्राम पंचायत चेतर द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधा वितरण में योगदान दिया गया। पौधा वितरण के दौरान ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया उन्होंने परियोजना प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की गयी। इसके अलावा मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जनता से उनका कुशल क्षेम जाना तथा क्षेत्र में विकास संबंधी जानकारी ली गयी। सामुदायिक विकास के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं को सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया।

## मनिका में भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के पचफेड़ी चौक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में झारखंड की तुष्टिकरणकारी और जनविरोधी हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर स्थापित अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक कर देने के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। मौके पर उपस्थित छोटू राजा ने बताया कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के नाम से चल रहे अटल मोहल्ला क्लीनिक योजना का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लीनिक योजना करना ओछी राजनीति दर्शाता है यह निर्णय न केवल राष्ट्रनिर्माताओं का अपमान है, बल्कि राज्य के जनमानस की भावनाओं के विरुद्ध भी है। पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी लातेहार के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि भारत रत्न श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई का योगदान से झारखंड प्रदेश बना है और हेमंत सोरेन के द्वारा तुष्टिकरण के राजनीति के कारण आज अटल क्लिनिक योजना का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लीनिक किया जा रहा है। हम लोग मदर टेरेसा का विरोध नहीं कर रहे हैं मुख्यमंत्री को चाहिए कि कोई नया योजना उनके नाम पर करें ताकि झारखंड का विकास हो सके। मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुमंत कुमार जिला मंत्री कौशल किशोर प्रसाद शंकर दुबे विश्वनाथ राय सहायक सिंह विजय सिंह धर्मजीत राय संदीप उरांव रजत कुमार दरोगी यादव गंगेश्वर यादव सुमित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कारगिल में सैनिकों ने दुश्मन देश के इरादों को नाकाम किया : डीसी

सैनिकों के परिवार के साथ हमेशा खड़ा है जिला प्रशासन : उपायुक्त

कारगिल विजय दिवस पर नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट, लोहरदगा की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त समेत अन्य अतिथियों व सैनिकों के परिवारों द्वारा शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व के वर्षों में शहीद हुए सैनिकों के परिवार को उपायुक्त व अतिथियों द्वारा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया और शहीद के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। मौके पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि वर्ष 1999 में जब कारगिल का युद्ध लड़ा गया तो उस युद्ध में हमारे देश के सैनिकों ने दुश्मन देश के इरादों को नापाक किया। पाकिस्तान ने उस समय की यथास्थितियों को बदलने का प्रयास किया लेकिन हमारे सैनिकों ने विपरीत परिस्थितियों में युद्ध लड़ कर विजयी तिरंगा कारगिल की चोटियों पर लहराया। जब हम घर में चैन की नींद सो रहे होते हैं तो हमारे सैनिक रात भर जाग कर देश की सीमा पर कड़ा पहरा देते हैं। हमें सैनिकों के परिवारों के प्रति काफी संवेदनात्मक व्यवहार रखने की जरूरत है। उनके सुख-दुख में साथ देने की आवश्यकता है। एक सैनिक अपने परिवार को छोड़ देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़ा रहता है। जिला प्रशासन भी हमेशा सैनिकों के परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि कारगिल में हमारे सैनिकों ने काफी वीरता के साथ लड़ाई लड़ी और विजय पाया। देश की सीमा के अतिरिक्त देश के भीतर भी एक लड़ाई हम सभी को लड़नी है जिसमें हर प्रकार का भेदभाव समाप्त हो जाये और हमारा भारतवर्ष विश्वगुरू बन सके। मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज महतो, आजीवन संरक्षक डॉ टी साहू समेत बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन मौजूद थे।

**स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करें**

उपायुक्त ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए कई लोगों ने अपनी जानें गवायीं। स्वतंत्रता मिलने के बाद भी कई बार देश की सीमा पर लड़ाईयां लड़ीं गयी। इसमें जान गंवाने वालों का एक ही सपना था कि देश में शांति रहे। सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ हों। आनेवाले वर्षों में इस कार्यक्रम में सैनिक परिवारों की ओर से अपनी समस्याएं भी रखीं जाएं ताकि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं को दूर कर सके।

## संगठन सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य लोहरदगा में कांग्रेस को सशक्त बनाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**कैरो/ लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेसी कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत कांग्रेस कमेटी कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद की अध्यक्षता में पंचायत कमेटी गठन को लेकर पंचायत गुड़ी में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, जिसमें विधायक प्रतिनिधि सह किस्को कांग्रेस पर्यवेक्षक निशीथ जयसवाल, जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार,संदीप कुमार गुप्ता, प्रखंड पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी मंडल अध्यक्ष महताब आलम, कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की मौजूदगी में गुड़ी पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। वहीं हनहट पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक आयोजित हुई, जिसमें दूसरे दिन पुनः बैठक कर हनहट पंचायत कमेटी का गठन किए जाने हेतु रणनीति बनायी गयी। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने कहा कि लोहरदगा जिला में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल कर संगठन को मजबूत करना खास मकसद है। वहीं निशीथ जायसवाल ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष 2025 में कांग्रेस पार्टी लोहरदगा जिला समेत पूरे झारखंड प्रदेश और भारत देश में सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगी। कैरो प्रखंड पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने कहा कि कैरो प्रखंड समेत पूरे लोहरदगा जिला में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से अवगत कराते हुए जोड़ने और बूथ स्तर से लेकर प्रखंड जिला एवं राज्य स्तर पर कांग्रेस पार्टी को सशक्त बनाने की दिशा में पार्टी का हर एक सिपाही पूरी निष्ठा और इमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश के अलावा देश भर में दमदार प्रदर्शन करेगी और अत्यधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश का प्रतिनिधित्व करने हेतु राहुल गांधी को कमान सौंपने का कार्य किया जाएगा। इधर बैठक के उपरांत प्रशिक्षिका अनामिका सरकार के द्वारा पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को पार्टी के प्रति कैसे जिम्मेदारी को निर्वहन किया जायेगा, इसे लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर गंदरु उरांव अर्जुन उरांव युनुस अंसारी ,बुद्धेश्वर टाना भगत, संकर उरांव सुखदेव उरांव राम भगत ,मुतुर्जा अंसारी, मोजाहिर अंसारी,रूपदेव उरांव, दसई उरांव, इंतेखाब आलम, जहीर अंसारी,मिस्टर शहाबुद्दीन, नाजिम आलम,एजाज खान, सरताज आलम,मोहम्मद सफराज, कृष्ण भूषण उरांव,शमीम अंसारी, राजेश उरांव रशीद अंसारी समीरुद्दीन अंसारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## धीरज साहू ने उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति के निर्णय का स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गठबंधन की राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन एवं उर्दू शिक्षकों के नियुक्ति के निर्णय का स्वागत किया है। धीरज साहू ने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन से असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आयेगी। विश्वविद्यालयों में भारी संख्या में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों का पद रिक्त है। विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन से सभी विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों को आसानी से भरा जा सकेगा और झारखण्ड के लोगों को नौकरी का अवसर प्राप्त होगा। बडी संख्या में झारखण्ड के लोगों ने नेट पास एवं पीएचडी किये हुए हैं। ऐसे में राज्य के विश्वविद्यालयों में झारखण्ड के आदिवासी एवं मूलवासियों को अवसर मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विश्वविद्यालय आयोग गठन के संबध में पत्र प्रेषित किया था। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित नवीनतम निर्णय के आलोक में झारखंड विवि सेवा नियमावली में संशोधन कर ऐसा प्रावधान किया जाय कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति की जा सके। श्री साहू ने हेमन्त सोरेन से अनुरोध किया है कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में उनको ही कुलपति नियुक्त किया जाय जो झारखंडवासी हो।

## अभय सिंह बने राजद के राष्ट्रीय महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अभय सिंह को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद झारखंड भर में खुशी की लहर है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस नियुक्ति से न केवल झारखंड में बल्कि पूरे देश में राष्ट्रीय जनता दल को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। झारखंड के 24 जिलों और 212 प्रखंडों में पार्टी संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में कमेटियों का गठन कर आगामी चुनावों की तैयारी की जाएगी। यह निर्णय आने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में भी अहम भूमिका निभाएगा। श्री अभय सिंह के नेतृत्व में झारखंड के राजद कार्यकर्ता बिहार में जाकर पार्टी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। वे लालू प्रसाद यादव की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएंगे और पूर्व मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। इस ऐतिहासिक नियुक्ति पर पूर्व जिलाध्यक्ष शकील अख्तर (राजद, लोहरदगा) ने अभय सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व महासचिव कुर्शीद आलम, पूर्व प्रदेश महासचिव उपेन्द्र यादव, मंजूर अंसारी, जावेद खान, मुख्तार अंसारी, परवेज खान, अमानुल अंसारी, कामिल टोपनो, कयूम अंसारी आदि शामिल हैं।

## लाल अरविंद नाथ शाहदेव बने लातेहार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला बार एसोसिएशन के सत्र 2025-27 का परिणाम घोषित हो गया है। इसके साथ ही सत्र 25-27 के लिए लाल अरविंद नाथ शाहदेव अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी राजमणि प्रसाद को 20 मतों से पराजित कर दिया है। लाल अरविंद नाथ शाहदेव को जहां 60 मत प्राप्त हुए, वही राजमणि प्रसाद को 40 मत मिला। उपाध्यक्ष के रूप में वासुदेव कुमार पांडे निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पंकज कुमार को 6 मतों से पराजित कर दिया है। वासुदेव पाण्डेय को 53 मत मिले, जबकि पंकज कुमार को 47 मत। सचिव पद के लिए विक्रांत कुमार सिंह और संजय कुमार के बीच मुकाबला था, जिसमें संजय कुमार ने विक्रांत कुमार सिंह को 11 मतों से पराजित करते हुए विजय हुए। संजय कुमार को 57 मत जबकि विक्रांत कुमार सिंह को 44 मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव प्रशासनिक के लिए मनोज कुमार गुप्ता, मोहम्मद अब्दुल सलाम, मिथिलेश कुमार और बनवारी प्रसाद के बीच मुकाबला था। जिसमें मिथिलेश कुमार ने इन सभी को पराजित करते हुए विजय हुए। इसमें मिथिलेश कुमार को 54 मत मिले, जबकी मनोज कुमार गुप्ता को 10, मोहम्मद अब्दुल सलाम को 20 और बनवारी प्रसाद को मात्र पांच मत प्राप्त हुआ। संयुक्त सचिव पुस्तकालय अध्यक्ष के रूप में दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला था जिसमें नवीन कुमार गुप्ता को पराजित करते हुए नरोत्तम कुमार पांडे ने विजय प्राप्त की। नरोत्तम पांडे को 59 मत मिले जबकी नवीन कुमार गुप्ता को 39 मत। कोषाध्यक्ष पद के लिए धीरेंद्र शुक्ला व प्रमोद पाण्डेय के बीच मुकाबला था, जिसमें धीरेंद्र शुक्ला को 49 मत मिले वहीं प्रमोद कुमार पाण्डेय को 52 मत। इस प्रकार धीरेंद्र शुक्ला को पराजित कर प्रमोद पाण्डेय कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए। सहायक कोषाध्यक्ष के पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला था इसमें विवेक कुमार गुप्ता और स्वप्निल कुमार सिंह मैदान में थे, जिसमें विवेक कुमार गुप्ता को पराजित कर स्वप्निल कुमार सिंह विजय हुए।

## सड़क निर्माण को लेकर आदिवासियों की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा झखरा कुंबा भवन में शनिवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आदिवासी मसना जाने के लिए सड़क निर्माण को लेकर आदिवासी समाज के लोगों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बड़का बगीचा स्थित आदिवासी मसना तक जाने वाली मुख्य सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने अपने विचार दिया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सामिल उरांव ने कहा कि फिलहाल आदिवासी मसना जाने के लिए रैयती प्लॉट से होकर जाना पड़ रहा है। जहां जमीन मालिक अपना घेराबंदी कर दिया है। इससे आदिवासी समाज को मसना तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसपर ग्रामीणों ने मसना तक जाने के लिए टंगरा के उपर से होकर सड़क निर्माण कराने को लेकर विचार रखा। जहां गार्डवाल का निर्माण करते हुए आदिवासी समाज के लोग टंगरा के ऊपर से शव को मुक्तिधाम तक लें जा सकें। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन सजग है। आदिवासी कुंबाटोली मसना तक जाने के लिए भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ झखरा भवन के समीप पझरा से गार्डवाल का निर्माण कर टंगरा के ऊपर से पीसीसी सड़क बनाने की सहमति बनी है। जिसे वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए योजना की स्वीकृति दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, कनीय अभियंता विवेक कुमार, मनुश्री, मुखिया इंद्रदेव उरांव, विजय उरांव, अंचल अमीन सुमित जायसवाल, फेकुआ उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भंडरा से कांवरिया देवघर गये



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बस्ती से शनिवार को कांवरियों का एक जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। प्रस्थान से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जत्था देवघर की ओर कूच किया। जत्था का नेतृत्व कर रहे अनूप यादव ने बताया कि सभी कांवरिये पहले सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहाँ गंगा जल लेकर पैदल यात्रा प्रारंभ कर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर पहुंचेंगे। जलाभिषेक के बाद बासुकीनाथ धाम में दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। जत्था में भंडरा के आकाश उरांव, शिव शंकर सिंह, दुर्गा यादव, अभिषेक कुमार, संजय महली, कृष्णा महली, अमर यादव, अनूप यादव, निथुन यादव, गुड्डू यादव, लालू यादव, अनोज यादव, सूरज यादव, शंकर लोहरा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं।

## 49 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा के प्रांगण में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत और प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा का 49 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि अच्छा से साइकिल का रख रखाव करेंगे जिससे विद्यालय आने जाने में आप सबों को समय का बचत होगा। सरकार की ओर से काफी सहयोग मिल रहा है। पढ़ाई पर ध्यान दें और भविष्य में कुछ अच्छा बनने का प्रयास करें। वही प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 1136 साइकिल वितरण करने का लक्ष्य मिला है। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र के चंदवा, मन्हे, उर्दू मध्य विद्यालय सेन्हा, इचरी, मुर्की, बंसरी, चितरी, सीठीयो, चन्दकोपा सहित अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं को भी जल्द साइकिल उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर रंजू साहु,बैजयन्ती उरांव, मेराज आलम समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा प्रिया कुमारी,दीपक यादव, कोमल कुमारी, विकास लोहरा, अमृता उरांव, सैफ अंसारी, आंचल कुमारी नेसार अंसारी, सूर्यदेव साहु के अलावे अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बारिश से चंदवा और गढ़गांव में चार घर ढहे



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा और गढ़गांव में चार लोगों का कच्चा खपरैल मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे गृहस्वामी किसानों को परिजनों के साथ रहने में काफी दिक्कत हो रही है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। शुक्रवार रात्रि में काफी तेज बारिश होने के कारण चंदवा ग्राम निवासी स्व छेदु ठाकुर के पुत्र रामअयोध्या ठाकुर और चुईटा लोहरा का पुत्र ब्रजेश लोहरा और गढ़गांव निवासी स्व बिहारु उरांव का पुत्र रंजीत उरांव तथा स्व मंगलु उरांव की पत्नी गुंजरी उराइन का कच्चा खपरैल मकान गिर कर छतिग्रस्त हो गया है। जिसे इन लोगों को परिजनों के साथ रहने में काफी परेशानी हो रही है .वही मकान गिरने से किसी के हताहत होने की सूचना नही है .परन्तु घर मे रखा सामान और दैनिक उपयोग का वस्तु मिट्टी में दब कर नष्ट हो गया। साथ ही बताया जाता है कि मकान गिरने से गुंजरी उराइन को हाथ और पैर में हल्की चोटें लगी है। वही मकान गिरने से गृहस्वामी किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## आम दल स्वयं सहायता समूह के बीच ट्रैक्टर का वितरण




**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत धांधू पंचायत के खरटिया टोला आम दल स्वयं सहायता समूह की दीदियों को ट्रैक्टर वितरित किया गया। यह वितरण मूमी संरक्षक विभिन्न के सौजन्य से संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम ने समूह की महिलाओं को ट्रैक्टर की चाबी सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के किसान एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को खेती के आधुनिक संसाधनों तक पहुंच मिल रही है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा इस अवसर पर मूमी संरक्षक पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण यादव समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण, और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष बने राजू रंजन कुमार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू आत्मा के परियोजना निदेशक के निर्देश पर शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में नामित प्रगतिशील किसानों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने की। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार और आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें नामित प्रगतिशील किसानों ने सर्वसम्मति से राजू रंजन कुमार को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना। सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील मिश्रा ने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से मुखिया द्वारा तीन-तीन प्रशिक्षित किसानों का चयन किया गया है, जिसमें 24 सदस्यीय प्रगतिशील किसानों की समिति बनाई गई है। इस दौरान उपस्थित प्रगतिशील किसानों ने राजू रंजन कुमार को प्रखंड किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजू रंजन ने कहा कि वे किसानों के हित में काम करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने कहा कि प्रखंड किसान सलाहकार समिति का गठन किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच मिलेगा और वे अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकेंगे। इस मौके पर अजय मेहता, रघुनंदन साव, अभय मेहता, श्यामसुंदर मेहता, अरुण कुमार सिंह, अरविंद सिंह, विनय मेहता, बैजनाथ मेहता, उपेंद्र मेहता, हरि प्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे।

## कारगिल युद्ध के शहीदों को किया गया याद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रामशोभा कालेज आफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई की ओर से कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया, एनएसएस प्रभारी अभिषेक कुमार पांडेय आदि ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों को याद किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने कहा कि कारगिल युद्ध हमें भारतीय सेना की असीम वीरता और साहस की याद दिलाता है। इस दौरान शहीद हुए वीर सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। वहीं, संगीत शिक्षक रविरंजन मिश्रा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। बीएड प्रशिक्षु संदीप प्रसाद ने वंदेमातरम गीत गाया। जबकि प्रशिक्षुओं को कारगिल युद्ध से संबंधित डाक्यूमेंट्री दिखाई गयी।

## वज्रपात की चपेट में आकर किसान की मौत

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना क्षेत्र के ठेमा स्थित खेत में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर एक गरीब किसान की मौत हो गई। उसकी पहचान बीफन मोची (45) के रूप में हुई है। वह सतबरवा का ही रहने वाला था। जानकारी के अनुसार बीफन मोची ठेमा स्थित खेत को धनरोपनी के लिए तैयार कर रहा था। तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इसी बीच वज्रपात होने से बीफन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत तुंबागाडा नवजीवन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वज्रपात से बीफन मोची का पीठ का हिस्सा जल गया था।

## सीओ ने जब्त किया अवैध बालू लगे दो ट्रैक्टर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र में बालू कारोबारी बेधड़क उत्खनन कर अवैध कारोबार कर रहे हैं। इस कड़ी में सीओ मनीष सिन्हा ने शुक्रवार को अंतर्राज्यीय चेक नाका पर अवैध खनिज परिवहन की जांच के दौरान दो ट्रैक्टर जब्त किया है। हालांकि चालक फरार हो गये। इस बाबत थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

# 15 अगस्त को बंद रहेंगी मांस-शराब की दुकानें

- पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होगा मुख्य समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीसी समीरा एस।

**मेदिनीनगर।** डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें आगामी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गयी। डीसी ने कहा कि आजादी के पर्व को धूमधाम एवं भव्य तरीके से आयोजित करने में सभी पदाधिकारी अपना-अपना सहयोग दें। बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम मेदिनीनगर पुलिस लाइन केंद्र में सुबह 9.05 बजे होगा। इसके बाद पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, नगर निगम सहित जिले के सभी कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन किया जायेगा। वहीं, परेड में अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल होगी। डीसी ने सहायक नगर आयुक्त को स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं, सड़कों पर बैरिकेडिंग एवं मेडिकल टीम की तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बेहतर परेड के लिये टुकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा। वहीं, पुलिस लाइन स्टेडियम सहित शहर के सभी चौक-चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं एवं मूर्तियों की साफ-सफाई करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 15 अगस्त को जिले में मांस एवं मदिरा की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया। उधर, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर डीडीसी, एएसपी, सदर एसडीएम, सहायक समाहर्ता आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मुख्य उद्देश्य : कर्नल संजय सिंह

- कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने शहीद सैनियों को दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के हैदरनगर रोड स्थित प्लस-2 बालिका उच्च विद्यालय के समीप पूर्व सैनिक कार्यालय में शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता एवं वशिष्ठ अतिथि सब इंस्पेक्टर एसएन शर्मा, कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा, नगर पंचायत प्रबंधक राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इस दौरान अतिथियों एवं वीर नारी प्रेमलता कूंवर और मनोरमा कूंवर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री मां विकास विद्यालय, बून पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कन्या मध्य विद्यालय, दक्ष पब्लिक स्कूल एवं बक्शी उच्च विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे-बच्चियां आदि शामिल थे। बच्चों ने देश भक्ति गीत एवं अन्य कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। वहीं, शुरूआत में जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सैनिकों के पराक्रम एवं कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी साझा की। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नवजवान, बच्चों, कैडेटों को देश के प्रति उत्साह एवं रुझान बढ़ाती है। वहीं, संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि अभी इस कार्यालय से बहुत कुछ करना है। हमें एक सैनिक के कार्यक्षमता को दिखाते हुए नवजवान बच्चों को प्रेरित करना है जो अपनी राह से भटक कर गुमराह हो रहे हैं। उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना है। कहा कि आज हमारी सीमाएं सुरक्षित है तभी धर्म और जाती है। हमें इन सबसे ऊपर उठकर देश हित के बारे में सोचना होगा। वहीं, एसडीओ ने सभी को विजय दिवस की बधाई दी एवं पूर्व सैनिकों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने एवं पेंशनरों के समस्या को दूर करने जैसे कार्यों की सराहना की। वे बच्चों के प्रस्तूति से काफी प्रभावित हुए विशेषकर श्री मां बाल विकास विद्यालय के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, प्रेमतोष प्रसाद, दुखन सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, अशरफी पाल, रामटहल मेहता, दिलीप मेहता, यदुनंदन ठाकुर, गौरी शंकर ठाकुर, अक्षय सिंह, प्रसाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश प्रसाद, लोको सिंह, गौरी शंकर ठाकुर, लोक नाथ केशरी, जनेश्वर सिंह, सुभाष कुमार, मनोज कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार और मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## निशिकांत दुबे का राहुल गांधी पर तंज, कहा- जो अपने परिवार के बारे में नहीं जानता, वो दूसरो को क्या समझेगा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री में कोई दम नहीं है। वह सिर्फ शो बाजी करते हैं। इस पर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर तंज कसा है। शनिवार को कहा कि राहुल गांधी को कुछ चीज समझ में नहीं आता है। मैंने अपने जीवन में इतना महामूर्ख नेता नहीं देखा है। उसको कुछ नहीं पता है। आज वह अपने पिताजी, दादाजी, दादी जी, नेहरू जी और इंदिरा गांधी सहित सभी को लेकर उटपटांग बाते करते रहते हैं। कहा कि बाजपा पर पिछड़ों के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि कांग्रेस के जो भी दादा, चाचा और मामा ने किया होगा सबको राहुल गांधी ने नेगेटिव कर खुद सबसे बड़े शंकराचार्य बनने की कोशिश कर रहे हैं। जिनको अपने मां-बाप परिवार के बारे में नहीं पता तो दूसरे के बारे में क्या कह सकता है। यह समझ ही सकते है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री कांग्रेस सहित एक बार फिर जेल जाएंगे। उन्होंने अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम मदर टेरेसा के नाम पर करने को लेकर भी कटाक्ष किया। कहा कि यह प्रदेश अटल जी की देन है। किसी के नाम को हटा के किसी का नाम जोड़ने से मदर टेरेसा की आत्मा को भी अच्छा नहीं लगेगा। अगर मदर टेरेसा के नाम पर करना ही था तो कुछ नया कर देते। राज्य सरकार ने यह बहुत ही गलत काम किया है। सरकार की जो एक्टिविटी है जल्द ही मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस का कुनबा एक बार फिर जेल जायेगा।

## तालाब में डूबने से बच्ची की हुई मौत

**देवघर/मोहनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बलथर पंचायत के सिकटिया गांव स्थित तालाब में शनिवार को नहाने के दौरान 12 वर्षीय बच्ची सीता कुमारी की डूबने से मौत हो गयी। उसके शव की तलाश जारी है। उधर, घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सीता कुमारी सीटिया गांव के ही पवन तत्वा की पुत्री थी। वह अपनी सहेलियों के साथ खेत से वापस घर लौट रही थी। रास्ते में तालाब के पास रूकी और हाथ पैर धोने लगी। इसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गयी और डूबने लगी। उसके साथ में मौजूद बच्चों ने शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण एवं स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू की गई। लेकिन खबर लिखे जाने तक शव का पता नहीं चल पाया था। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। फॉरेन एनडीआरफ टीम को भी सूचना दे दी गई है।

## हावड़ा-दरभंगा साप्ताहिक ट्रेन से भारी मात्रा में कैन बियर और शराब बरामद



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** जीआरपी ने गुप्त सूचना के आधार शनिवार को ट्रेन संख्या 15235 अप हावड़ा-दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से शौचालन के पास से लावारिस अवस्था में रखे ब्लू रंग के बैग से भारी मात्रा में कैन बियर और शराब बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 15 हजार 600 रुपये है। रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि गाड़ी संख्या 1अप हावड़ा-दरभंगा साप्ताहिक ट्रेन के एसी कोच में जांच के दौरान बाथरूम के पास बैग, थैला एवं ट्रॉली बैग आदि में छिपाकर ले जा रहे शराब को जब्त किया है। बतातें चलें कि गुप्त सूचना के आधार पर मधुपुर प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी में तैनात रेल पुलिस के एएसआई दिवाकर चौधरी, आरक्षी सुरेश मंडल आरक्षी मुकेश दास, हवलदार रामानंद कुमार प्लैटफॉर्म नम्बर दो पर गाड़ी में जांच की कार्यवाई करते हुए मधुपुर स्टेशन पर शराब को जब्त किया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है। गौरतलब हो कि बीते दिनों मधुपुर रेल पुलिस ने शराब की बड़ी खेप जब्त की थी। जीआरपी थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि ट्रेन संख्या 63569 अप आसनसोल जसीडीह मेमू पैसेंजर ट्रेन में लावारिस अवस्था में एक प्लास्टिक के थैली में रखा 150 पीस विभिन्न प्रकार के बीयर, व्हिस्की एवं फ्रूटी शराब बरामद किया गया जिसकी कुल मुल्य 27,710 रुपये है। रेल पुलिस ने जब्त शराब को अग्रसर कार्रवाई के लिए देवघर उत्पाद विभाग को भेज दिया।

## श्रद्धालुओं की आस्था से गूंज उठी बाबा बैद्यनाथ की नगरी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा में बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से देवघर की पावन भूमि गूंज उठी है। बाबा धाम की गलियों में बोल बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया है। देश के कोने-कोने से आए लाखों कांवड़िए गंगाजल लेकर बाबा पर जलार्पण करने के लिए कतारबद्ध हो रहे हैं। श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था की अद्भुत चमक और बाबा बैद्यनाथ के प्रति अटूट विश्वास साफ दिखाई दे रहा है। कई भक्त नंगे पांव, सिर पर गंगाजल लिए हुए कठिन यात्रा तय कर देवघर पहुंच रहे हैं। श्रद्धा का यह सैलाब हर दिन नए उत्साह के साथ उमड़ रहा है। प्रशासन द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## प्रकाश चमड़िया अध्यक्ष एवं विवेक बथवाल बने सचिव



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** रॉटरी क्लब का 23वां इन्सटॉलेशन शिरोमनी शुक्रवार को एक निजी होटल में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसका उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नमेंट रोटेरियन नम्रता नाथ, असिस्टेंट गवर्नर डॉ आजाद अध्यक्ष रोटेरियन प्रकाश कमरिया, सेक्रेटरी रोटेरियन विवेक बथवाल, मास्टर आफ सेरेमनी रोटेरियन प्रसाद चटर्जी ने संयुक्त रूप से किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश चमड़िया और सचिव विवेक बथवाल को वर्ष 2025 -26 का कार्य भार सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रितेश कुमार मोदी ने कहा कि मानव सेवा ही परम धर्म है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक कार्यो में आगे आकर अपने दायित्वो का निर्वहन करने की अपील की। वहीं, वर्तमान रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रकाश चमड़ियां ने कहा कि अपनी सेवा कार्य को राष्ट्रीय हित जनहित और पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जरूरतमंदों के लिए समर्पित करूंगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण को संतुलित और सुरक्षित करने को लेकर युद्ध स्तर पर पौधारोपण के साथ ही पेयजल जैसे कार्य में योगदान दिया जाएगा। वहीं पांच नए सदस्यों रोटेरियन शैलेंद्र कुमार मिश्रा, रोहित अग्रवाल, सौरभ डालमिया, गौरव कुमार एवं मोदी प्रतीक डालमिया को सदस्यता की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने रोटरी पी पहनाकर सदस्यता दी। इस मौके पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य नॉटेरियन अनूप गुटगुटिया, डॉक्टर अरुण गुप्ता, डॉक्टर देवानंद प्रकाश, मनोज डालमिया, संजय शर्मा, मुकेश अग्रवाल, जोसेफ पुनराज, चुन्नीलाल पटेल, कमल सिंघानिया, दीपक डालमिया, डॉ राकेश वेद सहित सक्रिय सदस्य अंकित लक्षीरामका डॉक्टर राकेश शेखर लक्षीराम, राकेश गुटगुटिया समेत रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित है।

## कारगिल विजय दिवस : झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन ने कारगिल शहीदों की याद में निकाला श्रद्धांजलि मार्च

# हमें अपने सैनिकों के त्याग-बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कारगिल विजयी दिवस पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से शनिवार को मेदिनीनगर स्थित नगर भवन टाउन हॉल से हजारों विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि मार्च निकाला। जिसका शुभारंभ झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव, संरक्षक रामाकांत मेहता, सचिव गिरीश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष आफताब आलम, सह सचिव राजीव गोयल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर भारती, सेंट पॉल एकेडमी रेहला के प्राचार्य साइमन मैथ्यू एस्ले, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर मेहता प्राचार्य धीरज मेहता, समाजसेवी ललन प्रजापति के अलावा शहर के कई पूर्व सैनिकों आदि ने संयुक्त रुप से तिरंगा झंडा दिखाकर किया। इस दौरान हजारों विद्यार्थियों का काफिला नगर भवन टाउन हॉल से जलकर सद्दीक मंजिल चौक, लता मंगेशकर चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक, छह हमुहान, शहीद भगत सिंह चौक, हॉस्पिटल चौक और भारत माता चौक होती हुए पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचा। जहां सभा की गयी। इस दौरान विद्यार्थियों के भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जय घोष से पूरा शहर गूंज उठा। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि साल 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध हुआ था। पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार घुसपैठ की और ज्यादातर कारगिल जिले में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। जिसे देश के जाबांज सैनियों ने पाकिस्तानी सेनाओं को पीछे धकेल कर वापस अपने कब्जे में ले लिया था। कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है। हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं, ट्रैफिक प्रभारी श्यामल अहमद ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबे को भारतीय जांबाज सैनिकों ने कभी कामयाब नहीं होने दिया। संरक्षक रामाकांत मेहता ने कहा कि कारगिल विजय दिवस उन वीर सपूतों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है जिनके चलते आज हम अपने देश में स्वतंत्र और निश्चिंत होकर निवास कर पा रहे हैं। पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला के अलावा मुकेश अग्रवाल, आफताब आलम आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। पलामू के वीर शहीद जवान युगंबर दीक्षित के पुत्र युद्ध जीत दीक्षित को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल से सतीश कुमार एवं प्रिया रंजनी, सेंट पॉल एकेडमी रेहला से साइमन मैथ्यू एस्ले, स्ला पब्लिक स्कूल से सुनील एवं आलोक सर, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के उज्जवल एवं शशि सर, संत मरियम पब्लिक स्कूल के दीप्ति एवं प्रीति मैम आदि शामिल हैं। इस दौरान द कराटे एकेडमी के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर शिक्षिका पूनम तिवारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी कुमारी, काजल कुमारी, अर्चना पांडेय, अनु दूबे, प्रिया दूबे, सिमरन कौर,सतीश कुमार, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, आकाश कुमार, स्नेह सुरभि, साक्षी पांडेय, निभा कुमारी, स्वर्णा तिवारी आदि उपस्थित थे।

## कारगिल शहीदों को नमन : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से शहीद चौक- कचहरी चौक पर शनिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गयी। जिसका उद्देश्य देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को सम्मानित करना और उनकी शहादत को याद करना था। इस अवसर पर मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन टाउन हॉल में भी एक सभा आयोजित हुई। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष दामोदर मिश्रा, अविनाश देव, पंकज तिवारी, अमित तिवारी, लक्ष्मी तिवारी आदि शामिल होकर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने शहीदों के बलिदान को याद किया। वहीं, शाहिद चौक पर कई स्कूल से आए बच्चों ने प्रभात फेरी भी निकली। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे सैनिकों ने किस तरह अपनी प्राणों की आहूति देकर देश की सीमाओं की रक्षा की। हम उन वीरों के शहीद होने के बाद भी उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। हम हमेशा उनके कृतज्ञ रहेंगे। यह कार्यक्रम भारतीय सेना के वीर जवानों के प्रति सम्मान और उनकी शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था, जो हमें देशभक्ति, साहस और बलिदान के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।

## तीसरी सोमवारी पर उमड़ेगा आस्था का महा सैलाब, सजग-सतर्क रहें अधिकारी : डीसी

**देवघर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्रावणी मेला की तीसरी सोमवारी के सफल आयोजन को लेकर देवघर के बीएड कॉलेज प्रांगण में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पदाधिकारियों एवं बाहर से आए पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की। डीसी ने कहा कि श्रावणी मेला में विशेषकर सोमवारी के दिन अत्यधिक भीड़ उमड़ती है। ऐसे में सभी अधिकारियों को सजग रहते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुलभ जलार्पण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की कतारें बिना रुकावट आगे बढ़ती रहें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सेवाभाव, विनम्रता और समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि दूसरे राज्यों से आए श्रद्धालु देवघर की एक अच्छी छवि लेकर लौटें। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाहर से आए सुरक्षाकर्मी अब मेला क्षेत्र के वातावरण से परिचित हो चुके हैं। ऐसे में उन्हें क्यू मैनेजमेंट और ट्रैफिक व्यवस्था पर खास ध्यान देना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी ओपी और यातायात ओपी प्रभारी डीएसपी रैंक के अधिकारी होंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में किसी तरह की अव्यवस्था न हो। बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि थे।

## पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी पर 44 हजार का लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत के लोकप्रिय और नामचीन बीमा कंपनी पॉलिसी बाजार के गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में त्रुटि पाए जाने के कारण गुमला जिला उपभोक्ता फोरम ने 44000 रूपए का आर्थिक दंड लगाया। मिली जानकारी के अनुसार गुमला के अधिवक्ता तापस कुमार लाल ने एक 7 सीटर कार खरीदी और पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सात सीटर कार के बीमा राशि का भुगतान 13561 रुपया ऑनलाइन कर दिया। लेकिन गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी ने 7 सीटर के स्थान पर 5 सीटर कार का इंश्योरेंस सर्टिफिकेट निर्गत कर दिया। बीमा कंपनी के इस कारनामे से उपभोक्ता तापस कुमार लाल आश्चर्य में पड़ गये। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट बीमा कंपनी को की। तो बीमा कंपनी कहा कि इसे सुधार करने के लिए अतिरिक्त 4031 रूपए का भुगतान करने पर ही 7 सीटर का बीमा सर्टिफिकेटदिया जायेगा। बीमा कंपनी के इस आचरण से उपभोक्ता अधिवक्ता तापस कुमार लाल काफी तनाव में आ गये। लेकिन मजबूरी बस उन्होंने अतिरिक्त राशि 4031 रूपए का भुगतान ऑनलाइन कर दिया। तब बीमा कंपनी के द्वारा 7 सीटर कर का बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद पॉलिसीबाजार उपभोक्ता कंपनी के इस व्यवहार से नाराज अधिवक्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष शिकायत की। जिसकी सुनवाई के बाद पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी गो डीजीट को सेवा में त्रुटि के लिए उत्तरदायी पाते हुए 44000 हजार रुपए शिकायतकर्ता को 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

## सभी स्कूलों में एक महीना के अंदर 18 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** बसिया के एकलव्य स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन, बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति, अनुसूची जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा रहे मौजूद। सर्वप्रथम स्कूल के छात्रों के द्वारा पारंपरिक नृत्य कर मंत्री चमरा लिंडा का किया गया स्वागत। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा और विधायक झिग्गा मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि, वृक्ष है तो जिंदगी है वृक्ष है तो यह दुनिया है, उन्होंने आगे उपस्थित स्कूल के बच्चों को वृक्ष का महत्व बताते हुए कहां की हमारे पूर्वज पुरातन काल में सबसे अधिक तुलसी, पीपल और सखवा का पेड़ लगाते थे क्योंकि यह सब पेड़ 24 घंटे हमें ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए हमें कोशिश करना चाहिए कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि वृक्ष ग्लोबल वार्मिंग को कंट्रोल करते हैं।

आगे उन्होंने बच्चों से कहा कि हमारे झारखंड सरकार एसटी एसी, और ओबीसी वर्ग के बच्चों के लिए जल्द ही रांची मे फ्री में कोचिंग की व्यवस्था करने वाली है जहां पर इन बच्चों को इजीनियरिंग एमबीए और डॉक्टर की कोचिंग दी जायेगी।

इस दौरान मंत्री चामरा लिंडा और विधायक झिग्गा मुंडा ने स्कूल के बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक झिग्गा मुंडा, कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, गुमला डीसी, जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडूंग, बसिया एसडीओ और बसिया एसडीपीओ सहित एकलव्य स्कूल के सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



### कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान गिरी सीलिंग लाइट

जब मंत्री चमरा लिंडा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे तभी छत पर लगी सीलिंग लाइट मंत्री चमरा लिंडा के थोड़ी दूर में ही गिरी, हालाकि किसी को कोई जान माल की छति नहीं हुई। सीलिंग के गिरने से अतिथि बाल बाल बचे। लेकिन यह छोटी सी घटना निर्माण कार्य मे बरती गयी अनियमितता और भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए काफी है।

## भारी बारिश से रौनियार धर्मशाला के सामने गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला के सामने एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। सड़क के किनारे से बाइक व छोटे-छोटे वाहनों को निकल गया लेकिन बड़े वाहन फंसे हुए हैं। घटना शनिवार की सुबह 6 बजे की है वर्षा के कारण विशालकाय पेड़ सड़क पर ही गिर गया। उस समय लोग सड़क पर नहीं थे वरना बड़ी घटना हो सकती थी। पेड़ के गिरने से केबल तार और बिजली को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बिजली विभाग और नगर परिषद को दी है। इसके बाद सुबह 9 :00 बजे जेसीबी मशीन को बुलाया गया वहीं मजदूरों को लगाकर पेड़ को हटाने का कार्य चल रहा है। सड़क पर पेड़ गिरने से सिमडेगा की ओर आने जाने वाले बस और ट्रक सिसई रोड घाटों बगीचा होते हुए पालकोट रोड से निकलने लगे। सिसई रोड छठ तालाब से पालकोट रोड निकलने वाला सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण वहां भी जाम की स्थिति हो गयी।

## खौफ : सोसो कदम टोली गांव में पागल कुत्ते के काटने से चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे सोसो कदम टोली गांव में पागल कुत्ते ने चार लोगों को काट लिया है। कुत्ता लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर काट रहा है। जिसके कारण गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। शुक्रवार की शाम 7 बजे एक पागल कुत्ता गांव पहुंच गया और लोगों को दौड़ाने लगा। गांव के अघन प्रधान की 10 वर्षीय पुत्री कंचन कुमारी अपनी मां और गांव के अन्य महिलाओं के साथ धान रोप कर घर लौट रही थी तभी पीछे से पागल कुत्ता उसके पैर को काट लिया। मंगरा टोप्पो का 12 वर्षीय पुत्र प्रमोद टोप्पो साइकिल से किराना दुकान सामान लेने जा रहा था तभी कुत्ता दौड़ते हुए आया और उसके पैर को काटकर भाग गया। गांव की महिला 25 वर्षीय तिलेश्वरी देवी कुछ सामान खरीदने पैदल दुकान जा रही थी तभी पीछे से कुत्ता उसके पैर को काट लिया। इसके बाद कुत्ता गांव में घूमने लगा। उसको देखकर गांव के अन्य कुत्ते उस पर हमला कर दिए। वह गांव के कुत्तों को भी दौड़ा-दौड़ा कर काटने लगा। साथ ही क्रोधित भी हो गया। इसी बीच 29 वर्षीय संदीप उरांव अपने घर के पास टहल रहा था गुस्सैल कुत्ता अचानक उसके पैर को काट लिया। संदीप पत्थर उठाकर उसे मारने लगा तब कुत्ता वहां से भाग गया। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर एकत्रित हुए इसके बाद कुत्ते को जान से मारने के लिए दौड़ाने लगे। इसी बीच बिजली गुल हो गई और कुत्ता अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वहीं ग्रामीण लाइट लेकर कुत्ते को खोजने में जुटे हैं।

## भारी वर्षा से नुकसान और कच्चा मकान गिरने की घटनाओं पर सांसद सुखदेव भगत गंभीर

**सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं अभिनव भगत ने किया स्थल निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारी वर्षा के कारण कई ग्रामीण इलाकों में कच्चे घरों के ढहने की घटनाओं को लेकर लोहारदगा के सांसद सुखदेव भगत ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अपने प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं अभिनव भगत को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिया। राजनील तिग्गा एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने कामडरा प्रखंड पर पहुंचकर हाफू, रेड़वा, कामडरा पंचायत के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने क्षेत्र के हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई परिवारों के घर पूर्णतः या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान श्री तिग्गा ने संबंधित प्रखंड के अंचल अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया और यथाशीघ्र राहत कार्य शुरू करने का अनुरोध किया। अंचल अधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन स्थिति की निगरानी कर रहा है और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिले और उनका पुनर्वास सुनिश्चित हो। श्री तिग्गा ने बताया कि सांसद द्वारा प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है कि राहत कार्य में कोई देरी न हो। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, महिला अध्यक्ष यशोदा देवी, यूवा अध्यक्ष विष्णु चिक बडाईक, अखिलेश्वर राम, मुन्ना टोपनो आदि मौजूद थे।

## थाना दिवस पर जमीन से जुड़े छह मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा प्रभारी थानेदार शैलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गयी। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाए तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। थाना दिवस के दौरान कुल जमीन से संबंधित 12 आवेदन आया जिसमें 6 मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। जबकि 6 मामलों का जांच के लिए निष्पादन लंबित रखा गया।



मामलों के निपटारे के बाद सभी पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी गैर मजूरवा जमीन को लेकर आपस में लड़ाई ना करें। उन्होंने कहा कि थाना दिवस या किसी भी मौके पर अपनी समस्या को लेकर आप आए तो नशा का सेवन बिलकुल न करें। ताकि आपकी समस्या को समाधान आसानी से किया जा सकें। उन्होंने कहा जमीन संबंधित अगर समस्या लेकर आप आ रहे हैं तो ध्यान रखें संबंधित डॉक्यूमेंट के साथ दोनों पक्षों का आना अनिवार्य है।

प्रभारी थानेदार शैलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आए दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर एएसआई प्रमोद कुमार, कामू पासवान एवं अन्य पुलिसकर्मी, राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार टोप्पो बड़ा बाबू बैगा उरांव सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गयी।

## संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी में भीखमपुर के संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय में शनिवार को संत अन्ना स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई और फिर रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य गीत,भाषण के जरिए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलप बड़ाइक थे। जिनका स्वागत छात्राओं ने फूल माला और पारंपरिक नृत्य से किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पारिस की माता सिस्टेफ इरमिना किंडो और सिस्टर ज्योति सोरेन ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिलीप बड़ाईक ने कहा कि संत अन्ना का जीवन सेवा और शिक्षा का प्रतीक है और विद्यालय इन मूल्यों को आगे बढ़ने का काम करता रहेगा। संत अन्ना स्थापना दिवस जैसे आयोजन हमें यह बताते हैं कि शिक्षा और संस्कार का मेल ही समाज को प्रगति के पथ पर ले जा सकता है। ऐसे ही प्रयास बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब समय है कि हम सब मिलकर शिक्षा को प्राथमिकता दे और बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें।

## सिसई में मनाया गया अंचल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में शनिवार को उपायुक्त गुमला की अध्यक्षता में अंचल दिवस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से कई मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें भूमि विवाद के 15 आवेदन प्राप्त किए गए 4 का निष्पादन किया गया एवं 11 आवेदन पर जांच का आदेश दिया गया। भूमि सत्यापन प्रतिवेदन के 23 आवेदन प्राप्त किए गए और 23 का निष्पादन भी कर दिया गया। भू धारण प्रमाण पत्र का 6 आवेदन प्राप्त निष्पादन हुआ 6, जाति प्रमाण पत्र का प्राप्त 4 निष्पादन 4, आवासीय प्रमाण पत्र का प्राप्त 4 निष्पादन 4, पारिवारिक सदस्यता का प्राप्त 13, निष्पादन 13, भूमि विवाद के 32 आवेदन प्राप्त में सभी का जांच के आदेश दिए गए। पंजी 2 सुधार में प्राप्त 52 में से 30 का निष्पादन 22 पर जांच का आदेश। दाखिल खारिज में 19 आवेदन प्राप्त 19 का निष्पादन, विविध आवेदन 120 में से 100 का निष्पादन 20 पर जांच का आदेश दिए गए। कुल आवेदनों की प्राप्ति 288 निष्पादन 203 , वहीं 85 आवेदनों पर जांच का आदेश दिए गए।



अंचल दिवस पर वितरण से संबंधित प्रतिवेदन में 19 दाखिल खारिज शुद्धि पत्र,13 पारिवारिक सूची,6 भू धारण प्रमाण पत्र,23 किसान क्रेडिट कार्ड और 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण किया गया। साथ ही बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रखण्ड क्षेत्र के पांच गर्भवती महिलाएं शोभा मुडाईन , पति कमल लोहरा ग्राम कुदरा, निशु कुमारी पति जोसेफ एक्का ग्राम डाडहा, गुड़िया कुमारी पति सुदामा उरांव ग्राम बांस टोली, बिरसी कुमारी पति हरदेव उरांव ग्राम गुरुगांव, रुपनी उरांव पति प्रकाश उरांव ग्राम कुदरा को प्रखण्ड प्रमुख एवं बीडीओ के द्वारा गोद भराई का रस्म अदा किया गया। एवं अन्न प्रासन योजना अंतर्गत दो शिशु आकृति कुमारी माता आभा कुमारी और भाग्यश्री माता अनीता देवी का मुंह जूठी किया गया। तथा सहिजाना ग्राम के सुधा कुमारी व नगर दसई टोली की मरियम बाखला को सहायिका के पद पर चयन करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया।

## अटल क्लिनिक का नाम बदलने के विरोध में भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक करने के फैसले के विरोध में शनिवार की शाम 5 बजे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गुमला द्वारा टावर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने इस निर्णय को झारखंड की तुष्टिकरण की राजनीति का उदाहरण बताते हुए तीव्र विरोध जताया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार की उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रनिर्माताओं का अपमान है और झारखंड के जनमानस की भावनाओं के विपरीत है।



भाजपा ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आगे और भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल, निर्मल गोयल, भूपन साहू, राजेश सिंह, सबिन्द्र सिंह, भोला चौधरी, श्यामसुंदर साहू, विकास सिंह, संयुक्ता देवी, रामेश्वरी उरांव, शकुंतला उरांव, शैल मिश्रा, बालकेशवर सिंह, सत्यनारायण उरांव, विक्की साहू , कौशलेंद्र जमुवार, संतोष सिंह, जय साहू , दिनेश सिंह ,हरमीत सिंह, संजीव कुमार, संजय वर्मा सूरज सिंह, दीपांकर साहू, सूर्या साहू, नीतीश बड़ाईक सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बुजिटोली में बारिश से गिरा घर, वृद्ध की मौत

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड इलाके में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण बीती रात बुजिटोली गांव में एक घर गिर गया जिसमें गृहस्वामी बृद्ध रोपना खड़िया 58 के मलबा में दब कर मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मृत रोपना खड़िया उक्त घर मे अकेले रहता था। बीती रात खाना खाने के बाद घर के ढाबा में सो गया आधी रात भारी बरसात के बीच घर का दीवार भरभरा कर गिर गया और उस मलबे में में दबने से रोपना की मौत हो गयी। शनिवार सुबह स्थानीय ग्रामीण ने गिरे घर के मलबे से रोपना खड़िया के शव को बाहर निकाला इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय मुखिया कमला देवी और पालकोट थाना को दी गयी। मौके पर पहुंचे एएसआइ प्रमोद कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

## नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर लगातार कई दिनों से चल रही थी सर्चिंग

आाजद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस को क्षेत्र मे जेजेएमपी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना लगातार मिल रही थी। पुलिस लगातार सर्चिंग चला रही थी। दो दिनों से लगातार चल रहे इस सर्चिंग अभियान नक्सलियों का मोबाइल फोन लोकेशन काफी अहम भूमिका निभा रहा था। नक्सली आगे आगे पुलिस पीछे पीछे। ठीक ऐसे मेएसपी हरिश बिन जमां को गुप्त सूचना मिली कि जेजेएमपी के उग्रवादी लावादाग गांव के असुर टोली में हैं। तुरंत पुलिस ने रणनीति तय की और लावादाग की ओर मुड़ गये। पुलिस के जवान कुरूमगढ़ इलाके से होते हुए सरगांव, सलामी आदि क्षेत्रों में सर्चिंग चलाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इन जंगल व पहाड़ पार कर पुलिस जवान लावादाग पहुंचे थे। पुलिस के अधिकारी व जवान शुक्रवार की शाम मे ही लावादाग के काफी निकट पहुंच चुके थे। शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे फिर सर्चिंग शुरू हुई। जंगली रास्ते से पैदल सर्चिंग करते हुए पुलिस अधिकारी व जवान सुबह नौ बजे के आसपास लावादाग के असुर टोली चोरलता पहुंचे ही थे कि नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू हो गयी।



घटना के बाद दहशत में ग्रामीण।

**केवल 50 मीटर के फासले से हो रही थी दोनों ओर से गोलीबारी :** पुलिस के जवान जैसे ही लावादाग पहुंचे और जंगलों से गांव में घुसने की प्लानिंग की। छिपे हुए नक्सली गांव की ओर से पुलिस जवान पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिस समय नक्सली घरों और पेड़ों की आड़ लेकर पुलिस पर गोली चल रहे थे उसे समय पुलिस और नक्सलियों के बीच की दूरी महज 50 से 60 मीटर की थी। पुलिस जवानों ने भी पेड़ की आड़ लेकर गोलीबारी शुरू कर दी। बताया गया कि एक मुनगा के पेड़ की आड़ लेकर एक काले टी-शर्ट पहने एक नक्सली पुलिस जवान पर गोली चला रहा था। उसे मुनगा के पेड़ पर पुलिस के जवानों ने लगातार फायरिंग की। गोलीबारी के दाग मुनगा के पेड़ पर साफ देखे जा सकते थे। लेकिन वहां तक पहुंचते पहुंचते गोली की रफ्तार कम हो जा रही थी इसके करण वह नक्सली वहां से भागने में सफल रहा।

**पहले माओवादी संगठन के लिए काम करता था दिलीप लोहरा :** सबजोनल कमांडर दिलीप लोहरा और दो अन्य हार्डकोर उग्रवादियों के मारे जाने से जेजेएमपी की कमर टूट गयी है। दिलीप लोहरा को रविंद्र गोप ने संगठन के लिए घाघरा इलाके की जिम्मेवारी दी थी। दिलीप पहले माओवादी संगठन के लिए काम करता था।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076, Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07 वर्ष 2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 13.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.08.2025 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची। 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड़, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | Repair & Extension of Additional Room in Office for the Year 2025 -26 | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | 4 माह। |

नोट :
1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
3. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबन्धन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि को 03.00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमण्डल, कोडरमा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्त्तालाप करने, शोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल,कोडरमा

PR 358307 Road(25-26).D

## बोकारो में आजसू के मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

# झारखंड की गठबंधन सरकार ने हर मोर्चे पर जनता से किया विश्वासघातः सुदेश महतो

- झारखंड नवनिर्माण का संकल्प लें राज्य के युवा : संजय मेहता

### नियोजन, नियुक्ति, ओबीसी आरक्षण, पेसा कानून जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में : सीपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू अपने पुराने तेवर में लौट रही है। बलिदान दिवस के बाद आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में शनिवार को नई ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने का संदेश दिया गया। समारोह का आयोजन बोकारो टाउन हॉल में हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल रहे। इस दौरान करीब एक हजार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर गिरीड़ीह से आजसू सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, हजारीबाग के सांसद प्रत्याशी संजय मेहता, मांडू विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो आदि ने नये सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने हर मोर्चे पर राज्य के लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया है। झारखंड की राजनीतिक चेतना को सशक्त करना बेहद जरूरी है। संगठनात्मक विस्तार को गति देने के उद्देश्य से आजसू की ओर से बोकारो में आयोजित मिलन समारोह संदेश है कि झारखंड की असली आवाज आजसू ही है। कहा कि लोग खुद पार्टी से जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। कहा कि पार्टी से जुड़ने वाले सभी युवा साथी झारखंड के भविष्य निर्माण में सहभागी बनेंगे। वहीं, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं को दरकिनार कर केवल दिखावटी घोषणाओं में व्यस्त है। अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है। नियोजन, नियुक्ति, ओबीसी आरक्षण, पेसा कानून जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। वहीं, संजय मेहता ने कहा कि झारखंड के नवनिर्माण के लिए वर्तमान पीढ़ी को जनमुद्दों पर संगठित होकर संघर्ष करना होगा। वहीं, आजसू में शामिल नये सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी झारखंड की समस्याओं के समाधान का पहला विकल्प है। नई और युवा राजनीति को धार दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन महतो और संचालन टिकैत महतो ने किया। इस मौके पर नवीन महतो, संतोष महतो, हीरालाल महतो, बबलू महतो, मंटू महतो, काशीनाथ सिंह, अजय सिंह, प्रियंका कुमारी, करण महतो, विशाल महतो और अशोक महतो आदि उपस्थित रहे।



आजसू के मिलन समारोह में शामिल केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व प्रत्यासी संजय मेहता, डॉ लंबोदर महतो एवं अन्य।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है : मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शनिवार को कसमार प्रखंड सभागार में उन्नति का पहिया निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया। लगे हाथ मंजूरा में निर्मित आजीविक महिला संगठन प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र ने कहा कि उन्नति का पहिया योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। यह योजना न केवल बच्चों की पढ़ाई को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएमटीसी भवन ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने का केंद्र बनेगा। इससे महिलाओं को न केवल कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और वित्त प्रबंधन समेत तमाम सामाजिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, सीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ नम्रता जोशी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, डीपीएम अनील डुंगडुंग, डीएफएम रामकृष्ण पाठक, बीएपी यशोदा देवी, बिशेश्वर महतो, रमेश कुमार, कविता कुमारी, कुंती देवी, चांदनी कुमारी, पंसस प्रिया देवी, विश्वजीत कुमार, सुभाष चंद्र ठाकुर, धनंजय कुमार स्वर्णकार, संजय कुमार प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस पर शहर में शनिवार को शहीदों की वीर गाथा को याद करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की गयी। नगर के सिटी पार्क स्थित शाहिद उद्यान- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो की जिला इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी थी। जिसमें नगर सेवा विभाग बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार एवं डीएवी सेक्टर चार के प्राचार्य, सह डीएवी जोन के क्षेत्रीय सहायक अधिकारी (एआरओ) एसके मिश्रा और बीएसएल सिक्योरिटी के कर्नल आरएस शेखावत के नेतृत्व में शहीदों को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व सैनिकों एवं जनसमूह को देश और वीर जवानों के गौरव को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। वहीं, डीएवी प्राचार्य ने कहा कि इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश कभी भी शहीदों की शहादत को भूल नहीं सकता है। पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने साल 1999 के कारगिल युद्ध के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के भाई बलराम महतो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर के पदाधिकारीगण, विहिप, पूर्व सैनिक दिनेश्वर सिंह, चंदन सिंह, नीरज तिवारी, राजीव रंजन सिन्हा, देव प्रकाश सिंह, निकेश गिरी, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, विवेक सिंह, कुमार अमित, कौशल किशोर, गौरव कुमार, राजेश ओझा, प्रदीप झा, लक्ष्मी कान्त राय, आदि उपस्थित रहे।

## अभियान चला कर डीटीओ ने आठ वाहनों से वसूला 1.12 लाख जुर्माना

- पेटरवार प्रखंड के राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर 29 वाहनों की हुई जांच

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना सेजवलकर के नेतृत में शनिवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल आठ वाहनों से एक लाख 12 हजार रुपए का जूर्माना वसूला गया। वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विगत दिनों अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 29 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर आठ वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर भी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का सख्त निर्देश दिया गया।

### चास में ट्रैफिक पुलिस ने बांटा हेलमेट

**बोकारो (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा को लेकर चास के प्रमुख चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी विद्याशंकर ने किया। इस दौरान बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए मौके पर ही हेलमेट बांटा गया। साथ ही, सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया गया।**

## आम्रपाली अस्पताल में मिली गड़बड़ियां, कार्रवाई की तैयारी

पीसी-पीएनडीटी और आयुष्मान योजना की हो रही जांच

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की विशेष जांच टीम शनिवार को अशर्फी अस्पताल पहुंची। यह कार्रवाई पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन और आयुष्मान भारत योजना में संभावित गड़बड़ी की सूचना के आधार पर की गई। जांच दल डीसी के निर्देश पर गठित किया गया था, जिसकी अगुवाई सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा कर रहे हैं। टीम में मजिस्ट्रेट डॉ विकास राणा, डॉ रोहित गौतम सहित कुल पांच सदस्य शामिल हैं। टीम ने अस्पताल परिसर में पहुंचते ही दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी और अल्ट्रासाउंड मशीनों, रजिस्ट्रेशन, मरीजों की एंट्री और आयुष्मान योजना से संबंधित रिकॉर्ड को खंगाला। इस दौरान भारतीय चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। जांच दल को संदेह है कि अस्पताल में लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियां हो रही हैं, जो पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आयुष्मान योजना के अंतर्गत अनियमित बिलिंग और फर्जी लाभार्थी के मामलों की भी जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिला प्रशासन को लगातार कुछ निजी अस्पतालों में नियमों की अनदेखी की शिकायतें मिल रही थीं। वहीं, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है। गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने अम्रपाली सिटी अस्पताल की भी जांच की। बताया कि यह रूटीन जांच थी। इस दौरान दोनों अस्पतालों में खामियां पायी गयी हैं। आम्रपाली सिटी अस्पताल के निरीक्षण में तो भारी अनियमितता मिली। उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन फेल था। जबकि वहां बिना किसी डॉक्टर के एक मरीज का इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा**
**(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

पत्रांक ........../लोहरदगा दिनांक ..............................

**सूचना**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या RDD/SD /LOHARDAGA/E-03/2025-26 जिसका पी० आर० सं० **356831 Lohardaga (25-26)_D** के ग्रुप संख्या 01 एवं 02 में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या 593/वि० दिनांक 06.03.2007 के आलोक में रदद् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 358278 (Lohardaga)25-26*D

## चिरकुंडा से कांवरियों का जत्था रवाना, बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ में करेंगे जलार्पण



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्रावण माह में कांवरिया संघ लगातार 18वें वर्ष जलार्पण के लिए रवाना हुआ। 121 कांवरियों का जत्था व्यवसायी सह शिव भक्त अजय सिंह एवं मनोज सिंह के नेतृत्व में चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई से शनिवार को रवाना हुआ। सुल्तानगंज से कांवर में जलभर कर पैदल पद यात्रा करते हुए देवघर में मनोकामना ज्योतिलिंग बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ में जलार्पण करेंगे। इस बार कर्नाटक, सोनीपत, दिल्ली, धनबाद, मैथन एवं कुमारधुबी से भी शिव भक्त कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। इसमें रीता सिंह, प्रतिभा सिंह, रूपा सिंह, अनिता सिंह, रेखा सिंह, स्वेता, पूनम सिंह, शांति झा, माधुरी, स्वेता, रूबी, लक्ष्मी, कंचन, संध्या, प्रज्ञा, मेघा, माही, निशा, गुंजन, नीलम पाठक, चमेली, उमा, अजय सिंह, मनोज सिंह, पिंटू साव, गुनगुन, अशोक सिंह, सुदेश सिंह, सुनील भगत, वशिष्ठ यादव, शम्भूनाथ झा, बिक्की प्रसाद,सुनीता देवी, अखलेश सिंह, संजय सिंह, पिन्टू, रोहित, आरके डिटेंशन, संतोष साव, धन्नंजय, इंद्रदेव प्रसाद आदि शामिल हैं।

## बीएसएल में 'साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची के सहयोग से 'साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के साथ ही भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची की वरीय फैकल्टी तनुश्री दत्ता भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा के स्वागत भाषण से हुई। जिन्होंने अतिथियों के साथ सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और नेतृत्व विकास में भावनात्मक कल्याण के महत्व पर जोर दिया। नीता बा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में त्वरित निर्णय, भावनात्मक लचीलापन और प्रामाणिकता जैसी चुनौतियों में अपने व्यवसायिक जीवन को खुशहाल और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बीएसएल के कुल 26 वरीय अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। वहीं, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची की वरीय फैकल्टी तनुश्री दत्ता के साथ प्रोफेसर गौरव मनोहर मराठे एवं प्रोफेसर राजशेखर डेविड उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाया। इसके बाद अपने संबोधन में आज के कठिन और चुनौतीपूर्ण इस्पात व्यवसाय के व्यावसायिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आइआइएम रांची की फैकल्टी की ओर से इस विषय पर वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई व्यावहारिक बिंदुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद ने किया। जिसमें ऋषिकेश रंजन और सिद्धो चरण मुर्मू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## आइआइटी-आइएसएम धनबाद में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। एक अगस्त को राष्ट्रपति आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। आईआईटी-आईएसएम प्रबंधन राष्ट्रपति के दीक्षांत समारोह में शामिल होने को लेकर तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्थाओं का शनिवार को जायला लेने के बाद डीसी ने कहा कि राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में एक अगस्त को कार्यक्रम के तहत वायु मार्ग से बरवाअड्डा हवाई पट्टी निर्धारित है। इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से ड्रोन, एवं अन्य संबंधित गतिविधियों को निषेध करते हुए बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आस-पास के क्षेत्र को 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।

## जनसमस्याओं को लेकर पुटकी के क्षेत्रीय जीएम से मुलाकात

# जनता की सेवा ही हमारा संकल्प : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने शनिवार को पीबी क्षेत्र अंतर्गत पुटकी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मित्तल से मुलाकात की। इस मौके पर क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न मूलभूत समस्याओं जैसे जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और स्थानीय निवासियों के नियोजन से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि दिवंगत कर्मचारी गंगिया देवी की आश्रिता पुत्रवधू सोनी देवी के नियोजन से संबंधित संचिका को कोयलानगर मुख्यालय शीघ्र भेजा जाए। लगे हाथ सेवानिवृत्त कर्मचारी रामकृपाल कुर्मी की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही गयी। बैठक में उपमहाप्रबंधक आरके शर्मा के अलावा अमित बेग द्वारा सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी बिंदुओं पर यथासंभव त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कोई भी कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। धनबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है। इस मौके पर हीरालाल पासी, महेंद्र प्रसाद, राहुल बनर्जी, मनोज पासवान, राजेश गुप्ता, परमेश्वर महतो, रंजय सिंह, सदानंद बर्नवाल, शिवनंदन पासवान एवं उदय कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा**
**E-Mail ID – chatrasco@gmail.com**

**आम सूचना**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में कोडरमा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को राज्य योजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र वितरण की योजना का आवेदन आमंत्रण सूचना।**

कोडरमा जिले के ईच्छुक छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स, मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 hp तथा 3.5–5.0 hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 hp सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 सं0 | पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | विभाग द्वारा देय अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 45 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 20000/– (बीस हजार) रूपया |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) | OSP- 07 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 30000/– (तीस हजार) रूपया |
| 3 | 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type) | OSP- 04 | 90 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 90000/–(नब्बे हजार) रूपया |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित एवं अन्य ईच्छुक कृषक प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से विहित प्रपत्र कार्यालय को उपलब्ध करा सकते है।

**मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-02 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 5 लाख रूपया |
| 2 | व्यक्तिगत अनुदान पर पावर टीलर/रीपर एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण | OSP-04 | 80 प्रतिषत या अधिकतम 1.60 लाख रूपया |

नोट:–

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. जिन कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
7. आवेदन विहित प्रपत्र में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कोडरमा/जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा/जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा/जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा/जिला कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
8. ईच्छुक लाभुकों एवं समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में 15 दिनों के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। विहित प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

**विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा, जिला सयुक्तं कृषि भवन, समाहरणालय परिसर, कोडरमा।**

PR 358287 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)#D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा

## आर्मी चीफ बोले : ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को सीधा संदेश

# आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जायेगा

- कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/द्रास।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया ही, साथ ही करारा जवाब भी दिया। जनरल द्विवेदी ने ये बातें लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है।

कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि 5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हुआ। इसमें भारतीय सैनिकों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के लिए प्राण न्योछावर करनेवाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा, 'यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के प्रति उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिन्द! जय भारत!'

### पीएम मोदी ने बलिदान को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी और कारगिल युद्ध में साहस और वीरता के साथ लड़ने वाले जवानों के बलिदान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि जवानों द्वारा दिया गया बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

# मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर में विश्व आइवीएफ दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर में शुक्रवार को विश्व आइवीएफ दिवस को सफलतापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सेंटर के विशेषज्ञों और पुराने रोगियों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किये।

सेंटर के प्रबंधक ने बताया कि आइवीएफ दिवस का आयोजन करके उन्होंने अपने रोगियों और उनके परिवारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर गर्भावस्था संबंधी सेवाओं के लिए अपनी श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है। दो सालों में सेंटर ने रांची और झारखंड के बहुत सारे लोगों को माता-पिता बनने का सुख प्रदान किया है।

सेंटर के विशेषज्ञों ने बताया कि उन्होंने कई ऐसे रोगियों का इलाज किया है, जो काफी निराश होने के बाद सेंटर आये थे। एक विशेष मामले में एक 40 वर्षीय महिला का इलाज किया गया, जिनका एएमएच कम था और उनके अंडाणुओं की गुणवत्ता और संख्या भी बहुत कम थी। सभी जगहों पर उन्हें डोनर लेने की सलाह दी गयी थी, लेकिन मिराई आइवीएफ सेंटर ने उन्हें अपने अंडाणुओं के साथ ही खुशी प्रदान की और उन्हें माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मिराई आइवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर किसी भी प्रजनन समस्याओं के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों द्वारा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। विशेषज्ञों की टीम ने रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान की हैं।

## पाकिस्तान में टिकटॉक क्रिएटर की हत्या

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में टिकटॉक क्रिएटर सुमीरा राजपूत की शनिवार को उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी 15 साल की बेटी ने दावा किया कि कुछ लोग सुमीरा पर जबरन शादी का दबाव बना रहे थे। जब सुमीरा ने इससे इनकार किया तो उन्हें जहरीली गोलियां देकर हत्या कर दी गयी। सुमीरा राजपूत एक जानी-मानी डिजिटल कंटेंट क्रिएटर थीं, जिनके टिकटॉक पर 58,000 फॉलोअर्स और 10 लाख से ज्यादा लाइक्स थे। उनकी बेटी भी टिकटॉक पर एक्टिव है और उसके भी 58,000 फॉलोअर्स हैं। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# मालदीव से मजबूत रिश्तों के लिए उत्सुक है भारत : मोदी

एजेंसी

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माले में मालदीव और भारत के रिश्तों को और भी ज्यादा मजबूत करने पर जोर दिया। मालदीव के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ सहित देश के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि भारत, मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और भी ज्यादा गहरा करने के लिए उत्सुक है। राष्ट्रपति मुइज्जू से चर्चा के बाद पीएम मोदी ने मालदीव की क्षमता निर्माण में भी बड़े स्तर पर मदद करने की घोषणा की थी। इसके



तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की ऋण सुविधा देने की बात कही।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, हमारे देश बुनियादी ढांचे, टेक्नोलॉजी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह दोनों देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और भी ज्यादा गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पीएम ने कहा, हम दोनों ने हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंधों समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भारत-मालदीव संसदीय मैत्री समूह के गठन का भी स्वागत किया।

## कारगिल विजय दिवस वीर जवानों की विजयगाथा का दिन है : लक्ष्मण सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के वीर जवानों की विजयगाथा का अविस्मरणीय दिन है। मैं उन वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में हमारे जवानों ने 'ऑपरेशन विजय' से दुश्मनों को घुटनों पर ला कर अदम्य साहस और पराक्रम की अमिट मिसाल पेश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने उन ऊंची चौकियों पर सफलतापूर्वक कब्जा कर लिया, जिन पर सर्दियों के महीनों में पाकिस्तानी सैनिकों ने विश्वासघातपूर्वक कब्जा कर लिया था। बता दें कि कारगिल युद्ध 60 दिनों से अधिक समय तक चला और 26 जुलाई, 1999 को भारत की वीरतापूर्ण विजय के साथ समाप्त हुआ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक : 25.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

ई–निविदा सं.: **C-772-TKS-2-GCT-25**

क्र. सं. : 1., कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : टोकीसूद–2–(TKS) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। क्र. सं. : 2., टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : रू 44,41,56,224/–, क्र. सं. : 3., ब्याने की राशिः रू 4,44,15,700/–, क्र. सं. : 4., निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 18.08.2025 को 15:00 बजे।, ई–निविदा खुलने की तारीख 18.08.2025 को 15:30 बजे से।, क्र. सं. : 5., वेबसाईट, का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/0676/डीएचएन/वा./टी/25–26/36

## नवी मुंबई में गूगल मैप ने फिर गलत रास्ता बताया, ऑडी कार खाड़ी में गिरी

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** नवी मुंबई के बेलापुर में गूगल मैप के गलत रास्ता बताने के कारण एक ऑडी कार खाड़ी में गिर गयी। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब 1 बजे हुई। कार चला रही महिला उल्वे की ओर जा रही थी। बेलापुर में गूगल मैप ने महिला को पुल के नीचे का रास्ता बताया। महिला ने मैप देखते हुए पुल के ऊपर जाने की बजाय नीचे का रास्ता पकड़ लिया। नतीजतन, उसकी कार सीधे ध्रुवतारा जेट्टी से खाड़ी में गिर गयी। समुद्री सुरक्षा पुलिस ने कार को खाड़ी में गिरते हुए देख लिया। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि महिला पानी में बह रही थी। इसके बाद रेस्क्यू बोट और गश्ती टीम की मदद से महिला को बचाया गया।

## आइआरसीटीसी ने बंद की 2.5 करोड़ यूजर आइडी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आइआरसीटीसी ने 2.5 करोड़ से ज्यादा यूजर आइडी को डीएक्टिवेट कर दिया है। रेलवे को डेटा के विश्लेषण में कुछ यूजर्स के बुकिंग पैटर्न पर शक हुआ था। इसी संदेह के आधार पर इन यूजर्स की आइडी को बंद किया गया है। जांच में पता चला कि इन यूजर आईडी से बुकिंग करने में कुछ गड़बड़ है। सरकार ने संसद में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**